दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली मंगलवार 19 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 146 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## बैंकों को 'लॉकडाउन' जैसा आदेश

### सरकार ने दिए खर्चों में कटौती के सख्त निर्देश

**संकट की घड़ी**

**वित्त मंत्रालय की ओर से सरकारी बैंकों को खर्च कम करने के उपाय लागू करने के निर्देश**



**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल-डीजल, सीएनजी की कीमतों में बीते सप्ताह इजाफा देखने को मिल चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मिडिल ईस्ट युद्ध के गंभीर असर का हवाला देते हुए ईंधन के सीमित इस्तेमाल की अपील कर चुके हैं। अब वित्त मंत्रालय की ओर से सरकारी बैंकों, बीमा कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों को खर्च कम करने के उपाय लागू करने के निर्देश दिया गया है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सरकारी आदेश में लागत कम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत लागू किए जाने वाले उपायों में अधिकारियों की विदेश यात्राएं कम करने से लेकर, बैठकों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का ज्यादा उपयोग और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर शिफ्टिंग करना शामिल हैं। वित्तीय सेवा विभाग द्वारा जारी किया गया आदेश स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा और भारतीय जीवन बीमा निगम समेत अन्य फाइनेंस और इंश्योरेंस फर्मों पर लागू होगा।

**विदेश यात्रा में करें कटौती :** सरकार द्वारा लागू किए जाने वाले नए कॉस्ट कटिंग उपायों के तहत सभी बैठकें, काम-प्रोजेक्ट्स की समीक्षाएं और सुझावों के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मीटिंग आयोजित की जानी चाहिए, ऐसा तब तक होना चाहिए, जब तक कि शारीरिक उपस्थिति अनिवार्य न हो। इसके अलावा चेयरमैन, एमडी या सीईओ समेत अन्य टॉप ऑफिशियल की विदेश यात्रा निर्धारित लिमिट से कम रखी जानी चाहिए, और जहां तक संभव हो, विदेशी कार्यक्रमों में वर्चुअल तौर पर भाग लिया जाना चाहिए।

**इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल :** सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में तेजी लाने की भी अपील की गई है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी संगठनों को अपने हेडक्वाटरों और ब्रांचों के लिए किराए पर अटैच किए गए पेट्रोल और डीजल वाहनों को जितना संभव हो इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलने का टारगेट सेट करना चाहिए.

## ममता हुई शर्मसार : सौतेली मां ने तीन साल की मासूम का घोंटा गला, वेव सिटी में फैली सनसनी

**दर्दनाक**

**पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सिटी जोन के वेव सिटी थानाक्षेत्र से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक सौतेली मां ने अपनी ही तीन वर्षीय मासूम बेटी का गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मृत बच्ची वंशिका अपने पिता नितेश के साथ वेव सिटी स्थित ईडब्ल्यूएस में रहती थी। नितेश वेव सिटी क्षेत्र में क्रेन ऑपरेटर के रूप में कार्य करता है। बताया गया कि नितेश की पहली शादी विनेश नाम की महिला से हुई थी, जिससे उसके दो बच्चे दर्श और वंशिका हैं। करीब डेढ़ वर्ष पहले पारिवारिक विवाद के बाद दोनों अलग हो गए थे और विनेश अपने मायके में रहने लगी थी। इसके बाद नितेश अपनी दूसरी पत्नी ज्योति के साथ रहने लगा। ज्योति से उसकी दो माह की बेटी अनन्या है।

घटना शनिवार 16 मई की बताई जा रही है। दोपहर करीब ढाई बजे नितेश रोजाना की तरह ड्यूटी पर चला गया था। उस समय घर में उसकी दूसरी पत्नी ज्योति और तीनों बच्चे मौजूद थे। रात करीब आठ बजे जब नितेश वापस घर लौटा तो उसने अपनी तीन वर्षीय बेटी वंशिका को मृत अवस्था में पड़ा देखा। यह देखकर उसके होश उड़ गए। उसने पत्नी ज्योति से घटना के बारे में पूछा, लेकिन वह कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सकी। शक होने पर नितेश ने अपने बड़े भाई अमित कुमार को बुलाया। परिजनों द्वारा सख्ती से पूछताछ किए जाने पर ज्योति रोने लगी और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वंशिका उसे बहुत परेशान करती थी, जिससे नाराज होकर उसने बच्ची का गला दबा दिया। घटना की सूचना मिलते ही वेव सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को एमएमजी अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृत बच्ची के ताऊ अमित कुमार निवासी गांव सोफा, खैर अलीगढ़ ने आरोपी महिला के खिलाफ हत्या की तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई। वेव सिटी की एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस कमिश्नरेट में 1400 से ज्यादा दरोगाओं के जल्द बदलेंगे जोन

## तैयार हो रही है कमिश्नरेट की अब तक की सबसे बड़ी लिस्ट

### बकरीद के बाद बड़े फेरबदल के संकेत, तीनों जोन में मचेगी हलचल

**फेरबदल**

**पुलिस कमिश्नरेट की अब तक की सबसे बड़ी तबादला सूची तैयार की जा रही है**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बकरीद के बाद बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल होने की तैयारी शुरू हो गई है। पुलिस विभाग के विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट की अब तक की सबसे बड़ी तबादला सूची तैयार की जा रही है, जिसमें लगभग 1400 से अधिक उपनिरीक्षकों के नाम शामिल किए जाने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि तीनों जोन में लंबे समय से जमे दरोगाओं को नई तैनाती दी जाएगी और कई चेहरों को नए क्षेत्रों में भेजा जाएगा।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि जिन उपनिरीक्षकों ने एक ही जोन में दो वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बदला जाएगा। इस बड़े फेरबदल को लेकर पुलिस मुख्यालय स्तर पर भी मंथन चल रहा है। विभागीय सूत्रों की मानें तो सूची को अंतिम रूप देने का काम तेजी से जारी है और बकरीद के बाद किसी भी समय आदेश जारी हो सकते हैं।

### 2023 बैच के दरोगाओं पर सबसे ज्यादा असर

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्रस्तावित सूची में सबसे अधिक संख्या वर्ष 2023 बैच के उपनिरीक्षकों की हो सकती है। बताया जा रहा है कि करीब 900 से अधिक दरोगा ऐसे हैं जिनका एक ही जोन में कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसके अलावा लगभग 500 अन्य उपनिरीक्षक चौकी, थाना, कार्यालय और विशेष शाखाओं में लंबे समय से तैनात हैं। विभागीय चर्चाओं के मुताबिक सिटी जोन में तैनात कई दरोगाओं को ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन भेजा जा सकता है, जबकि कुछ को कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की जरूरत के हिसाब से नई जिम्मेदारी दी जाएगी।

### बेहतर काम करने वालों को मिल सकती है ऑन डिमांड पोस्टिंग

करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस बार केवल सामान्य अदला-बदली नहीं होगी, बल्कि प्रदर्शन और कार्यशैली भी अहम आधार बनेगी। जिन पुलिसकर्मियों ने अपने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और कानून व्यवस्था संभालने में बेहतर काम किया है, उन्हें अधिकारी अपनी पसंद के थानों या शाखाओं में ऑन डिमांड बुला सकते हैं। पुलिस विभाग के भीतर इसे लेकर चर्चाओं का दौर तेज है। कई थाना प्रभारी भी अपने हिसाब से मजबूत टीम तैयार करने की कवायद में जुटे बताए जा रहे हैं।

### अपराध नियंत्रण और क्राइम प्लानिंग पर पड़ेगा सीधा असर

करंट क्राइम : इतने बड़े स्तर पर होने वाले तबादलों का असर अपराध नियंत्रण और पुलिस की रणनीतिक प्लानिंग पर भी दिखाई दे सकता है। लंबे समय से एक क्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों को स्थानीय अपराधियों, गैंग और विवादित क्षेत्रों की गहरी जानकारी होती है। ऐसे में बड़े पैमाने पर बदलाव के बाद नई टीमों को क्षेत्र समझने में समय लग सकता है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का मानना है कि समय-समय पर रोटेशन जरूरी होता है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा आए। सूत्र बताते हैं कि सूची काफी बड़ी होने के कारण इसे तैयार करने में विशेष सावधानी बरती जा रही है। यही वजह है कि अंतिम आदेश जारी होने में थोड़ा समय लग रहा है। पुलिस कमिश्नरेट के अंदरखाने में इस संभावित सूची को लेकर हलचल तेज हो चुकी है और बकरीद के बाद पुलिस महकमे में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

## रोज अभियान, लगातार छापेमारी फिर भी नहीं थम रहा जाम

## सड़कों पर रेंगते वाहन, चौराहों पर अव्यवस्था से लोग परेशान

**यातायात**

**शहर के प्रमुख चौराहे और बाजार क्षेत्र वाहनों की लंबी कतारों से जूझते दिखाई दे रहे**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** गाजियाबाद शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा प्रतिदिन अभियान चलाए जा रहे हैं। कहीं अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो रही है तो कहीं अवैध पार्किंग और सड़क किनारे खड़े वाहनों पर चालान काटे जा रहे हैं। कई स्थानों पर विशेष जांच अभियान और छापेमारी भी की जा रही है, लेकिन इसके बावजूद शहरवासियों को जाम से राहत नहीं मिल पा रही है। सुबह से लेकर देर शाम तक शहर के प्रमुख चौराहे और बाजार क्षेत्र वाहनों की लंबी कतारों से जूझते दिखाई दे रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी दिल्ली-मेरठ मार्ग, जीटी रोड, हापुड़ रोड, मोहननगर, राजनगर एक्सटेंशन, यूपी गेट, कौशांबी, घंटाघर, नया बस अड्डा और लिंक रोड जैसे क्षेत्रों में देखने को मिल रही है। कई जगह सड़क किनारे अवैध पार्किंग और ई-रिक्शाओं का बेतरतीब संचालन जाम की बड़ी वजह बन रहा है। वहीं बाजारों में सड़क तक फैला अतिक्रमण भी यातायात व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है।

### इधर अभियान खत्म, उधर अतिक्रमण शुरु

करंट क्राइम : लोगों का कहना है कि कार्रवाई केवल कुछ घंटों तक सीमित रहती है। अभियान समाप्त होते ही फिर से सड़क किनारे वाहन खड़े होने लगते हैं और अव्यवस्था पहले जैसी हो जाती है। दफ्तर जाने वाले कर्मचारी, स्कूल वाहन, एंबुलेंस और आम नागरिक रोजाना घंटों जाम में फंसने को मजबूर हैं। गर्मी के मौसम में यह परेशानी और अधिक बढ़ गई है। यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कई स्थानों पर बैरिकेडिंग लगाकर वाहनों की जांच भी की जा रही है, लेकिन शहर की बढ़ती आबादी और वाहनों की संख्या के मुकाबले व्यवस्थाएं कमजोर नजर आ रही हैं। कई चौराहों पर यातायात संकेतक बंद पड़े हैं, जबकि कुछ स्थानों पर पुलिसकर्मियों की संख्या भी कम दिखाई देती है।

### व्यापारी भी हो रहे हैं परेशान

करंट क्राइम : स्थानीय व्यापारियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि केवल चालान और छापेमारी से समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकलेगा। इसके लिए अवैध पार्किंग पर सख्ती, ई-रिक्शा संचालन की स्पष्ट व्यवस्था, अतिक्रमण पर स्थायी कार्रवाई और प्रमुख मार्गों पर बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन की जरूरत है। शहरवासियों का कहना है कि जब तक जमीनी स्तर पर ठोस और स्थायी व्यवस्था लागू नहीं होगी, तब तक रोजाना चलने वाले अभियान केवल कागजी कार्रवाई बनकर रह जाएंगे और लोगों को जाम से राहत मिलना मुश्किल होगा।

## दीक्षा अपार्टमेंट में भीषण आग के बीच दमकल कर्मियों ने बचाई एक दर्जन से अधिक लोगों की जान, पाया आग पर काबू


**भीषण आग**

**सीढ़ी और पाइप के सहारे निकाले गए बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग**




### महिलाओं व बच्चों को बचाया गया

करंट क्राइम : दमकल कर्मियों ने बेहद साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक तरफ आग बुझाने का अभियान शुरू किया, जबकि दूसरी ओर सीढ़ी और पाइप के सहारे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का कार्य किया गया। धुएं के कारण लोगों का दम घुटने लगा था और पूरे भवन में दहशत का माहौल था। बिजली आपूर्ति बाधित होने से इलाके में अंधेरा भी छा गया, जिससे राहत एवं बचाव कार्य और चुनौतीपूर्ण हो गया। करीब लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद दमकल विभाग ने सभी फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट प्रतीत हो रहा है। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग की वजह से फ्लैटों में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद पूरे इलाके में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और देर रात तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दमकल विभाग और पुलिस की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया।







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गर्मी के भीषण मौसम के बीच गाजियाबाद में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोमवार शाम शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र स्थित दीक्षा अपार्टमेंट में लगी भीषण आग ने इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। आग इतनी विकराल थी कि उसकी लपटें कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें करीब 20 से 30 फीट तक ऊंची उठ रही थीं। जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब 7:30 बजे साहिबाबाद फायर स्टेशन को सूचना मिली कि शालीमार गार्डन थाने के निकट स्थित दीक्षा अपार्टमेंट की तीसरी और चौथी मंजिल में भीषण आग लग गई है।

सूचना मिलते ही साहिबाबाद, टीलामोड़, वैशाली और लोनी फायर स्टेशन से दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह, थाना प्रभारी शालीमार गार्डन व मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल पुलिस बल और फायर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उस समय अपार्टमेंट के कई फ्लैटों में लोग फंसे हुए थे। बताया गया कि तीसरी और चौथी मंजिल पर करीब एक दर्जन से अधिक लोग धुएं और आग के बीच फंसे हुए थे, जिनमें चार साल का एक बच्चा, कई महिलाएं और बुजुर्ग भी शामिल थे।

## लापरवाही पर 7 पुलिसकर्मी निलंबित, कई और रडार पर

**कार्रवाई**

**निलंबन में 3 दरोगा भी शामिल**

**कार्यप्रणाली में लापरवाही बरतने वालों पर पर सख्त कार्रवाई जारी**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपराध नियंत्रण और कार्यप्रणाली में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जीरो टॉलरेंस संदेश के तहत सोमवार को सिटी जोन में बड़ी कार्रवाई करते हुए सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। इनमें तीन उपनिरीक्षक, तीन मुख्य आरक्षी और एक आरक्षी शामिल हैं। पुलिस कमिश्नरेट सूत्रों के अनुसार थाना सिहानीगेट क्षेत्र की लोहियानगर चौकी में हाल ही में हुई चेन स्नेचिंग की घटना को रोकने में विफल रहने, ड्यूटी में लापरवाही और अपने दायित्वों का सही निर्वहन न करने के आरोप में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक कमलेश सिंह, उपनिरीक्षक मनीष वर्मा, मुख्य आरक्षी अजय कुमार व आरक्षी रोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।



वहीं थाना कविनगर क्षेत्र के जी-ब्लॉक गोविंदपुरम में हुई चेन स्नेचिंग की घटना के दौरान ड्यूटी में लापरवाही पाए जाने पर चीता मोबाइल पर तैनात मुख्य आरक्षी मलखान सिंह पर भी कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित किया गया है। इसके अलावा पुलिस लाइन कार्यालय में तैनात उपनिरीक्षक (लिपिक) हरेंद्र सिंह और मुख्य आरक्षी राजीव कुमार को पत्रावलियों के उचित प्रबंधन में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। सूत्रों के अनुसार संबंधित पुलिसकर्मियों की कार्यशैली और क्षेत्र में आम छवि को लेकर भी लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इसी के आधार पर उच्च अधिकारियों ने समीक्षा के बाद यह सख्त कदम उठाया।

### कई और लापरवाह रडार पर

करंट क्राइम : बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में और भी पुलिसकर्मी कार्रवाई की जद में आ सकते हैं। कमिश्नरेट स्तर पर विभिन्न थानों और चौकियों की कार्यप्रणाली की लगातार निगरानी की जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले भी पुलिस कमिश्नर द्वारा एक साथ कई पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई थी, जिसमें छह को लाइन हाजिर और एक को निलंबित किया गया था। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से पुलिस विभाग में हड़कंप का माहौल है। पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड ने स्पष्ट कहा है कि पुलिस बल में अनुशासन सर्वोपरि है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कमिश्नरेट का कहना है कि जनता को बेहतर कानून व्यवस्था और सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए जवाबदेही तय करते हुए लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।

# कांग्रेस नेता वीडी सतीशन बने केरल के नए मुख्यमंत्री

**शपथ ग्रहण**

**60 साल बाद पूरी कैबिनेट ने एकसाथ ली शपथ**




**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस नेता वीडी सतीशन ने केरल के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण की, उन्हें राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सतीशन के साथ 20 सदस्यीय कैबिनेट ने भी एक साथ शपथ ग्रहण की।

केरल में नई राजनीतिक पारी की शुरूआत हो गई है, जहां वीडी सतीसन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली है। उन्होंने मलयालम में शपथ ली। तिरुवनंतपुरम में आयोजित भव्य समारोह में उन्होंने राज्य के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। 60 साल बाद केरल में पूरी कैबिनेट एक साथ शपथ ले रही है। शपथ के बाद सतीसन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत मंच पर मौजूद सभी लोगों से मिले।

तिरुवनंतपुरम में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में वीई अब्दुल गफूर आज वीडी सतीसन के नेतृत्व वाली केरल सरकार में मंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जिम्मेदारी मिलना सम्मान की बात है और वे पहली बार विधानसभा के लिए चुने गए हैं।

उन्होंने भरोसा जताया कि उन्हें जो भी विभाग मिलेगा, वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे और साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सभी मिलकर काम करेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह से पहले केरल के मंत्री पद के नामित पी के कुन्हालीकुट्टी ने कहा कि जनादेश को देखते हुए यह उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी और उम्मीदों का समय है।

## यू-टर्न ले रही कार ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**विशेश्वरगंज।** कोतवाली थाने के सामने शनिवार देर रात एक कार ने बुजुर्ग को कुचल दिया। सड़क हादसे में बंगाली बाड़ा, विशेश्वरगंज निवासी राजकुमार अग्रवाल (62) की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से भाग निकला।

घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। थाना प्रभारी दया शंकर सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। कार को चिह्नित कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार, रात करीब दो बजे राजकुमार अग्रवाल मैदागिन से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान कोतवाली थाने के सामने एक कार यू-टर्न ले रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे कार सीधे राजकुमार अग्रवाल को कुचलते हुए निकल गई। हादसे में राजकुमार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।

## 'प्यार से मानेंगे ठीक है, नहीं मानेंगे तो...': सड़क पर नमाज पढ़ने वालों को सीएम योगी की दो टूक




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने सड़कों पर होने वाली नमाज और राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर बात की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब उत्तर प्रदेश में सड़कों पर नमाज नहीं होती है।

**सड़कों पर नमाज को लेकर सीएम की चेतावनी :** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सड़कें चलने के लिए हैं, किसी को भी चौराहे पर आकर आवागमन बाधित करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने लोगों से पूछा कि क्या कोई सड़क रोककर तमाशा बना देगा?

मुख्यमंत्री ने सलाह दी कि यदि नमाज पढ़ना जरूरी है, तो उसे शिफ्ट में या घर में पढ़ा जा सकता है। उन्होंने जोर दिया कि सिस्टम के साथ रहने के लिए नियम-कानूनों का पालन करना अनिवार्य है।

मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि जब उन्होंने शासन संभाला था, तब उत्तर प्रदेश में हर दूसरे दिन दंगे होते थे। उस समय हर जिले में माफिया की समानांतर सत्ता संचालित होती थी। अब ऐसी अराजकता की छूट किसी को नहीं मिलेगी। उन्होंने मीडिया की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

**'बेवजह भीड़ नहीं बढ़नी चाहिए' :** सीएम योगी ने कहा कि अगर जरूरत हो, तो शिफ्ट में इंतजाम किए जा सकते हैं, लेकिन जनता को होने वाली परेशानी को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कुछ लोगों ने मुझसे कहा कि यह कैसे होगा, हमारी संख्या तो बहुत ज्यादा है?' हमने जवाब दिया कि इसे शिफ्ट में किया जा सकता है। अगर घर में जगह नहीं है, तो संख्या को उसी हिसाब से मैनेज करें। बेवजह भीड़ नहीं बढ़नी चाहिए।

**'कानून सभी पर एक समान लागू होता है' :** मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कानून का राज सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होता है और सार्वजनिक जगहों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सरकार का नियम ही कानून का नियम है। यह सभी पर समान रूप से लागू होता है।

# दिल्ली में 'मेट्रो मंडे' की शुरुआत

## सीएम रेखा गुप्ता ने सचिवालय तक किया सफर

**मेट्रो मंडे**

**मंत्रियों और अफसरों ने भी अपनाया पब्लिक ट्रांसपोर्ट**




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष अपील पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'मेट्रो मंडे' पहल की शुरूआत की। 'मेरा भारत, मेरा योगदान' अभियान के तहत मुख्यमंत्री सोमवार को वीआईपी फ्लीट और सरकारी गाड़ियों को छोड़कर आम नागरिक की तरह पैदल, मेट्रो और फीडर बस के जरिए दिल्ली सचिवालय स्थित अपने कार्यालय पहुंचीं। मुख्यमंत्री के इस आह्वान पर आज दिल्ली सरकार के तमाम मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर दफ्तर पहुंचने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री अपने सिविल लाइंस स्थित आधिकारिक निवास 'मुख्यमंत्री जन सेवा सदन' से पैदल चलकर उपराज्यपाल के 'लोक निवास' में आयोजित बैठक के लिए पहुंचीं। एलजी निवास में बैठक समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पहुंचीं।

## पलभर में चली गई 10 लोगों की जान

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। ऊंच गांव भरेहटा के बीच लखीमपुर-बहराइच हाईवे पर मैजिक गाड़ी और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर से यह हादसा हुआ। मरने वाले सभी लोग मैजिक गाड़ी में सवार थे। मृतकों में दो सगे भाई और शिक्षिका भी शामिल हैं। हादसे के बाद मृतक के परिवारों में गहरा मातम छा गया है। अस्पताल में एक साथ 10 लाशें देखकर लोगों की रूह कांप गई। इस दर्दनाक हादसे पर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

जानकारी के अनुसार, मैजिक गाड़ी लखीमपुर से सिसैया जा रही थी, जिसमें 10 लोग सवार थे। बहराइच की ओर से आ रहे ट्रक से मैजिक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे

# योगी कैबिनेट में 12 प्रस्ताव पास

## हेल्थ और इंफ्रास्ट्रक्चर को मिली रफ्तार

**बैठक**

**कैबिनेट बैठक में पंचायत चुनाव और वेटनरी छात्रों से जुड़े दो बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई**




**लखनऊ।** लखनऊ के लोहिया संस्थान में बनेगा 1010 बेड का नया अस्पताल, मिजार्पुर बिजली परियोजना के लिए 2800 करोड़ मंजूर

योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ में हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लगी। 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग गठन को मंजूरी सबसे चर्चित फैसला रहा। इसके अलावा लखनऊ मेट्रो के चारबाग से बसंतकुंज कॉरिडोर के एमओयू को हरी झंडी मिली, जबकि पशु चिकित्सा छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता बढ़ाकर 12000 हजार प्रतिमाह कर दिया गया। कैबिनेट के फैसलों को आगामी चुनावों और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। कैबिनेट बैठक में पंचायत चुनाव और वेटनरी छात्रों से जुड़े दो बड़े फैसलों को मंजूरी दी गई।

२सरकार ने पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को हरी झंडी दे दी है।

## अंतिम संस्कार को लेकर पारिवारिक विवाद

**पैगंबरपुर।** पैगंबरपुर निवासी लल्लन बिंद की पत्नी के अंतिम संस्कार को लेकर रविवार को विवाद हो गया। पति द्वारा अंतिम संस्कार से इन्कार करने पर बेटे-बेटी ने विरोध जताया। विवाद बढ़ता देख पड़ोसियों ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर पति से अंतिम संस्कार की रस्म पूरी कराई, तब जाकर मामला शांत हुआ। सारनाथ थाना प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने बताया कि मृतका ऊषा देवी (52) की शादी पैगंबरपुर निवासी लल्लन उर्फ मल्ली बिंद से हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं, बेटा अवधेश (34) और बेटी अर्चना (32)। शादी के कुछ समय बाद लल्लन ने दूसरी शादी कर ली। इसके बाद ऊषा देवी अपने दोनों बच्चों को लेकर पड़ोस में किराये के मकान में रहकर उनका भरण-पोषण करने लगीं। वहीं, लल्लन अपनी दूसरी पत्नी के साथ रहने लगा।

# शुभेंदु सरकार के बड़े फैसले

## महिलाओं को 3000 रुपये की सहायता

## सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा का दिया तोहफा




**कैबिनेट बैठक**

**राज्य सरकार ने 1 जून से महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा को भी मंजूरी दे दी है**

**कोलकाता।** बंगाल की शुभेंदु सरकार ने आज हुई कैबिनेट बैठक में बड़े फैसले लिए हैं। बंगाल सरकार की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बैठक के बाद सरकार द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी दी। अग्निमित्रा पॉल ने बताया कि पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने महिलाओं के लिए अन्नपूर्णा योजना की मंजूरी दी है। साथ ही सातवें वेतन आयोग के गठन को भी मंजूरी दे दी गई है।

बंगाल में अन्नपूर्णा योजना को मंजूरी दी गई है। इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं को 1 जून से हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। राज्य सरकार ने 1 जून से महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा को भी मंजूरी दे दी है।

**जून से धार्मिक आधार पर समूहों को दी जाने वाली सरकारी सहायता बंद**

पॉल ने बताया कि राज्य कर्मचारियों, संबद्ध वैधानिक निकायों और शैक्षणिक संस्थानों के कर्मचारियों के लिए सातवें वेतन आयोग के गठन को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। राज्य मंत्रिमंडल ने जून महीने से धार्मिक आधार पर समूहों को दी जाने वाली सरकारी सहायता बंद करने का भी फैसला किया है।

नागरिकता संशोधन कानून के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले लोगों और मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए ट्रिब्यूनल में आवेदन करने वाले लोगों को अन्नपूर्णा योजना का लाभ दिया जाएगा।

शुभेंदु सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में भी कई बड़े फैसले लिए थे, जिनमें स्कूलों में नौकरी के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के लिए उम्र सीमा पांच साल बढ़ाने की मंजूरी देना भी शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनाव प्रचार के दौरान इसका वादा किया था और शुभेंदु सरकार ने पहली ही कैबिनेट बैठक में इसकी मंजूरी दे दी थी।

साथ ही राज्य में आयुष्मान भारत योजना लागू करने की मंजूरी भी दी गई है। इस योजना को पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार ने लागू करने से मना कर दिया था। इस योजना के तहत केंद्र सरकार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को स्वास्थ्य बीमा की सुविधा प्रदान करती है। अब बंगाल के लोग भी इस योजना का लाभ ले सकेंगे।

शुभेंदु सरकार ने बांग्लादेश की सीमा पर बाड़ लगाने के लिए बीएसएफ को जमीन देने के फैसले को भी मंजूरी दी। बंगाल में घुसपैठ रोकने के लिहाज से सरकार का यह फैसला बेहद अहम है। सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन देने की प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई है और इसे 45 दिनों के भीतर पूरा किया जाना है।

शुभेंदु सरकार ने बंगाल में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) को भी औपचारिक रूप से लागू करने का फैसला लिया है।

## तेलंगाना में 12 करोड़ की दवा जब्त, तीन पकड़े

**सिद्धिपेट।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने तेलंगाना के सिद्धिपेट जिले में अल्प्राजोलम मादक दवा बनाने और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक फ्रीलांस रसायन विशेषज्ञ भी शामिल है। एनसीबी की हैदराबाद इकाई ने 15 मई को कार्रवाई करते हुए 39.470 किलोग्राम अल्प्राजोलम और 85.36 लाख रुपये नकद बरामद किए। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई गई है।

विशेष सूचना पर अधिकारियों ने दो चारपहिया वाहनों को रोककर तलाशी ली, जहां दो लोग बिना वैध लाइसेंस के मादक दवा की अवैध खरीद-बिक्री करते मिले। पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी ने एमएससी रसायन शास्त्र की पढ़ाई की थी और वह हैदराबाद के प्राशांतनगर स्थित प्रयोगशाला में गुप्त रूप से अल्प्राजोलम तैयार करता था। जांच में पता चला कि गिरोह पिछले पांच वर्षों में करीब 150 किलोग्राम अल्प्राजोलम की तस्करी कर चुका है।

# पश्चिम बंगाल में 2021 चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच शुरू

**जांच**

**181 एफआईआर दर्ज और 59 मामले फिर से खोले गए**



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हुई कथित हिंसा के मामलों की जांच एक बार फिर तेज कर दी गई है। ताजा जानकारी के अनुसार, जांच एजेंसियों ने अब तक 458 नई जांचें शुरू की हैं, 181 नई एफआईआर दर्ज की गई हैं और 59 ऐसे मामलों को दोबारा खोल दिया गया है, जिनमें पहले अंतिम रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी थी। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि इन मामलों में जांच की प्रक्रिया अभी भी जारी है और कई स्तरों पर सबूत जुटाने का काम किया जा रहा है।

सरकार का सख्त रुख, पीड़ितों से आगे आने की अपील

इस बीच राज्य प्रशासन की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया है कि पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि सभी लंबित हत्या और हमले से जुड़े मामलों में भारतीय न्याय संहिता (इठर) के तहत एफआईआर दर्ज की जाए। पीड़ित परिवारों से भी अपील की गई है कि वे आगे आएं और अपनी शिकायत दर्ज कराएं, भले ही उनके पास ठोस सबूत न हों। सरकार ने आश्वासन दिया है कि हर शिकायत की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

इस पूरे मामले को लेकर राज्य की राजनीति भी गर्म हो गई है।

## वेतन वृद्धि को लेकर मुंबई हवाई अड्डे पर विरोध प्रदर्शन

**मुंबई।** सरकारी ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी एआईएएसएल के कर्मचारियों द्वारा वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को लेकर मुंबई हवाई अड्डे पर विरोध प्रदर्शन करने के कारण सोमवार को एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें विलंबित हुईं। एआईएएसएल मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और देश के अन्य हवाई अड्डों पर एयर इंडिया समूह - एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस - के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों को ग्राउंड हैंडलिंग सेवाएं प्रदान करती है।

एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि मुंबई हवाई अड्डे पर एक तीसरे पक्ष ग्राउंड हैंडलिंग एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल से परिचालन प्रभावित हो रहा है। एयरलाइन ने कहा, 'हमारी हवाई अड्डा टीमें यात्रियों को होने वाली असुविधा को कम करने और सामान्य परिचालन को जल्द से जल्द बहाल करने के लिए सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रही हैं।'

# वियतनाम और दक्षिण कोरिया दौरे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**दौरा**

**भारत की रक्षा साझेदारी को मिलेगी नई मजबूती**



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत की रक्षा साझेदारी को मजबूत करना, रणनीतिक सैन्य सहयोग बढ़ाना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और शांति को बढ़ावा देना है। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जानकारी देते हुए कहा कि वे हनोई पहुंचकर इस यात्रा की शुरूआत करेंगे और दोनों देशों के साथ भारत के संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा करेंगे।

रक्षा मंत्री ने बताया कि इस यात्रा के दौरान उनका ध्यान विशेष रूप से रक्षा सहयोग, सैन्य साझेदारी और समुद्री सुरक्षा पर रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत, वियतनाम और दक्षिण कोरिया के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को और विस्तार देना चाहता है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियां बढ़ रही हैं और देशों के बीच सहयोग की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

हाल ही में वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग को अपनी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का अहम स्तंभ माना था।

दोनों देशों ने रक्षा नीति संवाद, संयुक्त सैन्य अभ्यास, तकनीकी सहयोग, नौसेना बंदरगाह दौरे।

# दुनिया पर एक और वायरस का साया इबोला के नए स्ट्रेन ने बढ़ाई चिंता

**प्रकोप**

**डब्ल्यूएचओ ने घोषित किया 'पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी'**




**नई दिल्ली।** बीते वर्षों में दुनियाभर में कई तरह की संक्रामक बीमारियों का खतरा देखा गया। साल 2020-23 तक दुनिया ने कोविड-19 महामारी का डर देखा, जिसमें लाखों लोगों की मौत हुई। मई के शुरूआती हफ्ते में क्रूज शिप एमवी होंडियस में फैले हंतावायरस संक्रमण से कई देशों में बढ़ी चिंताओं के बीच विशेषज्ञों की टीम अब इबोला संक्रमण को लेकर अलर्ट कर रही है।

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में इबोला का व्यापक प्रकोप देखा जा रहा है। बढ़ते खतरे को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रविवार 17 मई को इसे 'अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल' घोषित कर दिया है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि वायरस का एक नए स्ट्रेन 'बुंडिबुग्यो' की सूचना मिली है, जिसके कारण यह प्रकोप देखा जा रहा है।

संक्रमण की रोकथाम के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं, हालांकि अभी इसे 'महामारी आपातकाल' नहीं घोषित किया जा सकता है। कांगो और युगांडा के आसपास के देशों में इसके और फैलने का खतरा बहुत ज्यादा है, इसलिए वहां की सरकारों को अलर्ट किया गया है।

**इबोला के नए स्ट्रेन को लेकर अलर्ट :** स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यह वायरस संक्रमित लोगों में से लगभग एक-तिहाई लोगों की जान ले लेता है। इसलिए इसके खतरे को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

## 'मोदी सरकार में दूरदर्शिता की कमी'

### चुनाव तक सरकार ने सबकुछ छिपाकर रखा : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में दूरदृष्टि की कमी है और उन्होंने विधानसभा चुनावों तक देश की आर्थिक स्थिति और बढ़ती महंगाई को जनता से छिपाकर रखा गया। खरगे की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब सरकार ने रविवार को सीएनजी की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी की। पिछले एक सप्ताह में यह दूसरी बार है जब सीएनजी महंगी हुई है।

इससे पहले शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। ईरान युद्ध के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से सरकारी तेल कंपनियों पर भारी दबाव पड़ रहा था। खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा पोस्ट में कहा, 'अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव से पहले पेट्रोल, डीजल और दूसरी चीजों के दाम बढ़ाते, तो उन्हें भारी राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ता।'

उन्होंने आरोप लगाया, 'मोदी सरकार ने चुनाव खत्म होने तक देश से सब कुछ छिपाकर रखा, लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुए, हर चीज के दाम बढ़ा दिए गए।'

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'भाजपा सरकार और मोदी में दूरदृष्टि की कमी है, इसलिए उन्हें पहले से बढ़ती महंगाई का अंदाजा नहीं था।' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाएगी क्योंकि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण महंगाई लगातार बढ़ रही है।

## पेपर लीक मामले में 10वीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के लातूर शहर से एक कोचिंग संचालक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी की पहचान शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर के रूप में हुई है, जो ह्लरेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेसह्व नाम से कोचिंग संस्थान चलाता है।

रविवार को एजेंसी द्वारा की गई तलाशी के दौरान मोटेगांवकर के मोबाइल फोन पर मेडिकल प्रवेश परीक्षा का एक लीक हुआ प्रश्न पत्र मिला था। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

सीबीआई ने रविवार को आरोपी के ठिकानों पर छापेमारी की थी। जांच के दौरान मोटेगांवकर के मोबाइल फोन से कथित तौर पर नीट यूजी परीक्षा का लीक प्रश्नपत्र बरामद हुआ। इसके बाद एजेंसी ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी का आरोप है कि शिवराज मोटेगांवकर उस संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य था, जो नीट यूजी 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक करने और उसे फैलाने में शामिल था।

19 May -26 page 3 18-05-26 10:48 PM Page 1

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 19 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# गाजियाबाद में पेट्रोल-डीजल और गैस की मूल्यवृद्धि पर कांग्रेस का हल्लाबोल, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## महानगर व जिला कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी गाजियाबाद के नेतृत्व में सोमवार को कार्यकर्ताओं ने पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और रसोई गैस के दामों में की गई बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा और महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला और कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने मांग की है कि बढ़ी हुई कीमतें तत्काल प्रभाव से वापस ली जाएं।

### देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात, वापस हों दाम : वीर सिंह जाटव

**करंट क्राइम।** महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने सरकार की नीतियों को पूरी तरह जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव के दौरान ही यह चर्चा आम थी कि चुनाव खत्म होते ही सरकार जनता पर महंगाई का चाबुक चलाएगी और हमारे नेता राहुल गांधी की यह बात अब सच साबित हो गई है। वीर सिंह जाटव ने कहा, इस समय देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात हैं, जहां आम आदमी के लिए अपनी गृहस्थी चलाना दूभर हो गया है। हमारी महामहिम राष्ट्रपति से मांग है कि वे इस मूल्यवृद्धि को तुरंत वापस कराने के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित करें। उन्होंने यह भी कहा कि जो सरकार महंगाई और रोजगार पर काबू नहीं पा सकती, उसे सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है और प्रधानमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए।

### बीजेपी के कुशासन से मिडिल क्लास की कमर टूटी: सतीश शर्मा

**करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने केंद्र सरकार पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा, बीजेपी सरकार के 12 साल के कुशासन और महंगाई से देश की जनता पहले ही त्रस्त थी। अब चुनाव खत्म होते ही पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दाम बढ़ाकर मिडिल और लोअर मिडिल क्लास के लोगों की कमर तोड़ दी गई है। सतीश शर्मा ने आगे कहा कि कमर्शियल और 5 किलो के सिलेंडर के दामों में पहले ही भारी वृद्धि की जा चुकी है। पेट्रोलियम पदार्थों की इस महंगाई का सीधा असर रोजमर्रा की जरूरी चीजों पर पड़ रहा है। देश का अन्नदाता किसान पहले से ही खाद, बीज, बिजली और पानी के संकट के साथ फसलों के सही दाम न मिलने से परेशान है, उस पर सरकार ने डीजल के दाम बढ़ाकर उनके साथ कुठाराघात किया है। उन्होंने राहुल गांधी के बयान का हवाला देते हुए कहा कि 'चुनाव खत्म, वसूली शुरू' का खेल खेला जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि पार्टी आम जनमानस के हितों के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। यदि बढ़ी हुई कीमतें तुरंत वापस नहीं ली गईं, तो आज के इस प्रदेशव्यापी आंदोलन के बाद कांग्रेस इससे भी अधिक जोरदार और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से शामिल रहे : इस पैदल मार्च और प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा, महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव, प्रदेश मंत्री डॉ. संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, लोकेश चौधरी, मनोज कौशिक, अमित शर्मा, राजीव शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष डोली त्यागी, अश्वनी त्यागी, आशुतोष गुप्ता, पंकज तिजानिया, अनवर कुरैशी, और मीडिया प्रभारी सविता गौतम व सविता जैसवाल समेत भारी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मेयर तो लेकर चल रही हैं संगठन वालों को साथ एक प्वाइंट पर बर्दाश्त नहीं हो रही पार्षदों को ये बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में अनुभव, राजनीति में सबको साथ लेकर चलने की कला बड़े नेताओं में होती है। सुनीता दयाल मेयर हैं और इसके साथ-साथ वो भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं। राजनीति का एक लंबा सफर तय किया है। वो भाजपा की उस कार्यशैली की नेता हैं जिसमें सबको साथ लेकर चला जाता है। मेयर सुनीता दयाल इन दिनों कई विकास कार्यों के उद्घाटन कर रही हैं। वो जानती हैं कि सरकार में रहकर भी संगठन को तवज्जों कैसे देनी हैं। वो जानती हैं कि सरकार और संगठन के बीच समन्वय कैसे बनाया जाता है। मेयर सुनीता दयाल जब विकास कार्यों का उद्घाटन करती हैं तो इस मौके पर इस मंडल के अध्यक्ष को, मंडल की टीम को भी साथ रखती हैं।

मेयर सुनीता दयाल के इस मैसेज का एक सकारात्मक संदेश पूरी भाजपा में है, जनता के बीच है। वो उद्घाटन करती हैं तो क्षेत्र के लोग आते हैं,



**मेयर इन दिनों कई विकास कार्यों के उद्घाटन कर रही हैं। वो जानती हैं कि सरकार में रहकर भी संगठन को तवज्जों कैसे देनी है**

प्रशासन के अधिकारी आते हैं और पार्षद भी आते हैं और साथ में मंडल के अध्यक्ष और उनकी टीम भी आती है। संगठन वालों का भी परिचय होता है, मंडल वालों के बारे में भी अधिकारियों को जानकारी होती है और भाजपा एक परिवार वाला संदेश दूर तक जाता है, लेकिन इसके साइडइफैक्ट की चर्चा भी हो रही है। वो ये है कि पार्षद यहां एक बिंदु पर नाराज हैं। पार्षदों का ये कहना है कि इस तरीके के मौके पर वो लोग भी खुद को प्रमोट कर लेते हैं जिन्होंने चुनाव में उनको चोट पहुंचाई थी। कुछ चेहरे ऐसे हैं जो चुनाव के दौरान बागी हो गए थे, खुलकर बगावत की थी। जब ये चेहरे भी विकास वाले फ्रेम में आते हैं तो पार्षदों को ये बात अखरती है। वो इस बात की चर्चा करते हैं कि जब हम चुनाव लड़े थे तो इनमें से कुछ चेहरों ने हमें हराने के लिये हर कोशिश की थी। इस बात को लेकर इन चेहरों की पार्षदों से खींचतान अब भी चल रही है। ऐसे में ये पार्षद ये चाहते हैं कि मेयर यहां थोड़ा फिल्टर लगाए और उनके वार्ड में विकास कार्यों वाली मुहिम में ऐसे चेहरों को ना बुलाएं।

वो पूरी लिस्ट दे रहे हैं और एविडेंस के साथ बता रहे हैं कि जो चेहरे भाजपा को हराने के लिये लड़े वो अब हमारे साथ विकास वाले सीन में कैसे खड़े हो सकते हैं। वहीं दूसरी लॉबी ये भी बात कर रही है कि भाजपा एक परिवार है और जब बागी को लेकर प्रदेश स्तर पर ही सीन राजी का हो गया तो अब विरोध वाला सीन खत्म हो जाना चाहिए। मेयर निगम की मुखिया हैं और वो बड़ी नेता हैं उनके लिये भाजपा एक पूरा परिवार है। जब हम सब एक परिवार हैं तो तकरार नहीं होनी चाहिए।

ये आवाज नदिया पार से लेकर लाइन पार तक उठ रही है। मंडलों से ये आवाज उठ रही है, वार्डों से ये आवाज उठ रही है। भले ही कोई खुलकर नहीं बोल रहा है, लेकिन यहां चेहरे इतना तो चाहते हैं कि हमारे वाले फ्रेम में हमें रहने दो और उनके वाले फ्रेम में उन्हें रहने दो।

# जादूगर का जादू चिपक गया निगम की वॉल पर

## पार्षद ने पूछ लिया मैजिक को लेकर क्या है कोई रूल का भी लॉजिक

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम की नीति है और उस नीति को विज्ञापन नीति कहा जाता है। इस नीति से राजस्व आता है और अगर कोई इस नीति का उल्लंघन करता है तो निगम समय समय पर अभियान चलाकर उनके होर्डिंग, उनके पोस्टर हटा देता है, जुर्माना भी लगा देता है। लेकिन एक



जादूगर ने कमाल कर दिया और उसने निगम मुख्यालय के भीतर ही अपने जादू को दिखाया। निगम मुख्यालय की बिल्डिंग पर अपना होर्डिंग लगाया। जादूगर के जादू पर किसी की निगाह नहीं पड़ी। लेकिन बड़ी सफाई से लगाये गये इस पोस्टर पर भाजपा पार्षद नीरज गोयल की नजर पड़ी। उन्होंने इसके बाद जादूगर के जादू को भगत सिंह की मूर्ति से लेकर कई स्थानों पर पकड़ लिया। जादूगर ने कमाल किया और नगर निगम की उस इमारत पर होर्डिंग लगाया जहां से निगम रेवेन्यू लेता है। सवाल ये है कि जादूगर के इस जादू पर कोई एक्शन होगा या नहीं होगा। क्योंकि होर्डिंग ही वहां लगा है जहां से अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्यवाही होती है। पार्षद नीरज गोयल इस पूरे मामले को उठा रहे हैं। विषय गंभीर है और शहर की खूबसूरती के लिए भी खतरा है दीवारें खराब हो रही हैं। पार्षद नीरज गोयल ने सरकारी और निजी भवनों की दीवारों, डिवाईडरों तथा बिजली के खंभों पर लगाये जा रहे अवैध पोस्टरों की रोकथाम को लेकर नगर आयुक्त के नाम पत्र लिखकर अवगत कराया। उन्होंने जादूगर का भी मुद्दा उठाया। बताया कि केवल जादूगर ही नहीं कई बार सर्कस संचालक और मेला आयोजक भी अपने प्रचार प्रसार के लिए सरकारी और निजी भवनों की दीवारों पर , डिवाईडारों पर, बिजली के खंभों पर बड़ी संख्या में पोस्टर लगा देते हैं। इससे शहर की सुंदरता प्रभावित होती है गंदगी फैलती है। पार्षद का कहना है कि निगम एक्ट के अनुसार किसी भी प्रकार का विज्ञापन नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर ही लगाया जाना चाहिए। इस प्रकार के अवैध पोस्टर स्वच्छ और सुंदर गाजियाबाद अभियान की भावना के विपरीत है। पार्षद ने इस तरीके के अवैध पोस्टर और विज्ञापनों को तत्काल हटाने की मांग की है।






### जब भाजपा अध्यक्ष ने किया खुले मंच से ऐलान

# अगर किसी ने भी सांसद-विधायक के खिलाफ एक शब्द भी लिखा तो...

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कई बार शब्दों का ऐलान भी तूफान उठा देता है। हर शब्द के बाद अगले शब्द का इंतजार होता है। राजनीति में जब नेता के हाथ में माइक और मंच आता है तो उनके लहजे में भी पंच आता है। जो वक्ता होते हैं वो जानते हैं कि हवा मे मुट्ठी उछालकर क्या कहना है। वो जानते हैं कि कहां शब्दों का तापमान कितना रखना है और कहां से शब्दों को मोल्ड करना है, कहां लहजे को बोल्ड देना है और कहां आकर किस्से को कोल्ड कर देना है। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का एक वीडियो चर्चा में है। वो लाइनपार क्षेत्र में एक मीटिंग को संबोधित कर रहे हैं और यहां पर उन्होंने कार्यकताओं को सीधे-सीधे लहजे में कोई बात समझाई। उन्होंने कहा कि यदि कोई कार्यकर्ता पार्टी के खिलाफ एक भी शब्द लिखेगा तो मैं मंच से इस बात को बता रहा हूं.. इसके बाद अध्यक्ष रुके और पुनः बोले कि सब सुन रहे हैं। अगर कोई बात है, शिकायत है, तो मुझसे बात करें, मैं 24 घंटे उपलब्ध हूं। इसके बाद सभी की नजरें मंच पर और कान माइक से आने वाली आवाज पर लग गए। क्योंकि अध्यक्ष ये ऐलान कर चुके थे कि अगर कोई भी कार्यकर्ता पार्टी के खिलाफ एक शब्द भी लिखेगा तो... अब उस तो का इंतजार हो रहा था और अध्यक्ष ने दूसरी बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यकर्ता, माननीय मंत्री, सांसद, पार्षद, विधायक या किसी भी जनप्रतिनिधि के खिलाफ एक भी शब्द बोला



या सोशल मीडिया पर कुछ लिखोगे तो... अब अध्यक्ष के इस लहजे को, इन शब्दों को और हवा में उछलते हाथ को देखकर सब अगली लाइन का इंतजार कर रहे हैं। किसी को लगा कि अब बड़ा ऐलान होगा और किसी ने कहा कि अनुशासनहीनता की कार्यवाही की बात कहेंगे। मगर यहां तो अध्यक्ष ने कहानी में ही ट्विस्ट ला दिया। उनका लहजा भी नरम हुआ और कहा कि इसका अर्थ ये है कि आपके अंदर श्रद्धा और भक्ति की कमी है। फिर उन्होंने कहा कि सभी को अपनी श्रद्धा और भक्ति को बढ़ाना होगा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि हमें सेवाभाव से काम करना है, पूरी ताकत के साथ काम करना है। अगर वाली बात में मगर आ गया और फिर श्रद्धा, भक्ति की सलाह के साथ ऐलान खत्म हो गया।

# मोहल्ले वालों ने कर दिया भाजपा पार्षद को ग्रुप से आउट

## विकास कार्य को लेकर छिड़ी जंग में आ गया नया रंग





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास को लेकर एक वार्ड में केसरिया जंग शुरू हो गई। कहानी का ट्विस्ट ये है कि काम करा रहा ठेकेदार भाजपा का कार्यकर्ता है और ऑडियो वायरल कर रहा व्यक्ति भाजपा का कार्यकर्ता है और पूरी कहानी में इधर भाजपा, उधर भाजपा। कहानी में आग पानी के पंप से लगी है और बताते हैं कि मुद्दा उद्घाटन वाले लड्डुओं से शुरू हुआ। अब इस कहानी में नया रंग ये आय है कि मोहल्ले वालों ने भाजपा पार्षद को ही ग्रुप से बाहर कर दिया। ग्रुप का नाम सुधार समिति है। ग्रुप से बाहर होने का स्क्रीन शॉट भी पार्षद के कट्टर विरोधी ने उपलब्ध कराया। ये वही है जिन्होंने टेलिफोनिक वार्ता में ठेकेदार को कहा था कि आप काम करो।

कहानी में मोड़ व्हाट्सएप ग्रुप पर आया जब भाजपा पार्षद ने पहले कुछ लिखा और फिर उसे डिलीट कर दिया। उसके बाद यहां किसी ने लिखा कि काम तो चल रहा है। आप कैसे कह रहे हो कि काम बंद है। इसके बाद यहां ग्रुप के एडमिन ने कुछ सेटिंग बदली और फिर उन्होंने भाजपा पार्षद को ही ग्रुप से बाहर कर दिया। कहानी में अभी तीसरा मोड़ आना बाकी है। कभी ऑडियो वायरल हो रहा है तो कभी वीडियो जारी हो रहे हैं और अब व्हाट्सएप ग्रुप का को स्क्रीन शॉट आ गया, जिसमें भाजपा पार्षद को ग्रुप से ही रिमूव कर दिया गया।

# जब देशभक्ति त्याग बनकर उमड़ी : 1965 के युद्धकाल में गहने उतारकर राष्ट्र रक्षा को समर्पित कर देने वाली भावना आज भी भारत की सबसे बड़ी ताकत : बालेश्वर त्यागी






**अगर देश के नेता वास्तव में मितव्ययिता का उदाहरण पेश करेंगे तो देश में करोड़ों लोग अपने अपने तरीके से बचत करेंगे ।लेकिन इसमें पाखंड नहीं होना चाहिए। सच्चाई और सच में त्याग ही दूसरों को प्रेरित कर सकता है।**

### प्रमुख बातें

**देशभक्ति जगाने वाला भाषण**

1. मुरादनगर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में मजदूर नेता श्रीकृष्ण गौड़ के ओजस्वी भाषण ने लोगों में राष्ट्रभक्ति और त्याग की भावना जगा दी।

**महिला ने उतार दिए अपने स्वर्ण आभूषण**

2. सभा में मौजूद एक ग्रामीण महिला ने भावुक होकर अपने सोने के गहने रक्षा कोष के लिए समर्पित कर दिए।

**रक्षा मंत्री की संवेदनशील सोच**

3. रक्षा मंत्री यशवंतराव चौहान ने महिला के भविष्य को ध्यान में रखते हुए गहनों के बदले स्वर्ण बॉन्ड दिलाने का निर्देश दिया।



**शास्त्री युग में राष्ट्रहित सर्वोपरि था**

4. लाल बहादुर शास्त्री के सोमवार उपवास आह्वान का ग्रामीण भारत तक गहरा असर दिखाई दिया।

**सच्चा त्याग ही समाज को प्रेरित करता है**

5. लेख का निष्कर्ष है कि पाखंड नहीं, बल्कि नेताओं का वास्तविक त्याग और सादगी ही देश में बचत और राष्ट्रभक्ति की भावना पैदा कर सकती है।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 1965 के भारत पाक युद्ध के समय हम कक्षा 10 में पढ़ते थे। हमें पता चला कि देश के रक्षा मंत्री यशवंत राव चौहान आर्डिनेंस फैक्ट्री मुराद नगर के गेट पर पधार रहे हैं। हम भी उन्हें देखने वहां पहुंच गए। फैक्टरी के मुख्य गेट के सामने सड़क पर एक सभा रखी गई थी। वहां फैक्टरी यूनियन के नेताओं ने भाषण दिए। उस समय एक मजदूर नेता ने जो भाषण दिया , उससे श्रोताओं में देशभक्ति हिलोरे मारने लगी। बाद में पता चला कि उस मजदूर यूनियन नेता का नाम श्रीकृष्ण गौड़ था। जो भारतीय मजदूर संघ से जुड़ा रहा था।

जो मुझे अभी याद है उसने कुछ ऐसा कहा कि रक्षा मंत्री जी देश की सेनाओं को आश्वस्त कर दें कि जब तक देश में लोहा है, हम उसके हथियार बना कर देते रहेंगे। जब लोहा समाप्त हो जाएगा तो हम चांदी के हथियार बनाकर देंगे। जब चांदी भी समाप्त हो जाएगी तो सोने के हथियार बनाकर देंगे। जब सोना भी समाप्त हो जाएगा तो अपनी हड्डियों के हथियार बना कर देंगे लेकिन सेना को बिना हथियार के नहीं रहने देंगे। इस भाषण का ऐसा प्रभाव हुआ कि भीड़ से एक ग्रामीण जैसी दिखने वाली महिला उठी और उसने अपनी सोने की हंसली और मोहरें जो उसने पहरी हुई थीं , निकाली और रक्षा मंत्री जी को रक्षा कोष के लिए दान दे दीं ।सारे दर्शक चकित रह गए। रक्षा मंत्री जी ने उस महिला से पूछा कि क्या ये आप अपनी स्वेच्छा से दे रहे हो या इस भाषण से भावुक होकर दे रहे हो? उन्होंने ये भी पूछा कि क्या आपने इसके लिए घर में बात कर ली है? महिला अपने कथन पर अडिग रही तब रक्षा मंत्री जी ने अधिकारी जो संभवतः कलेक्टर होंगे को बुलाकर कहा कि ये सोने के जेवर लो और इन्हें दान में जमा करने के बजाय इनके स्वर्ण बॉन्ड खरीदवा देना।अभी ये भावुक है, कहीं बाद में इसे परिवार में कोई कठिनाई न हो।

ये वह भावना है जो लोगों को कुछ भी त्याग करने के लिए तैयार कर देती है। जब लाल बहादुर शास्त्री जी ने सोमवार को व्रत रखने का देश वासियों से आह्वान किया तो दूर दराज के ग्रामीणों ने भी सोमवार को शाम का खाना खाना भी और बनाना भी बंद कर दिया था। मुझे याद है दिल्ली में एक सांसद जी ने अपने लॉन में घास हटाकर गेहूं बुआ दिए थे। ये देश के लिए कुछ भी त्यागने का जज्बा भारत को अलग पहचान देता है। यहां त्यागने वाला बड़ा होता है और भोगने वाला छोटा होता है।

अगर देश के नेता वास्तव में मितव्ययिता का उदाहरण पेश करेंगे तो देश में करोड़ों लोग अपने अपने तरीके से बचत करेंगे ।लेकिन इसमें पाखंड नहीं होना चाहिए। सच्चाई और सच में त्याग ही दूसरों को प्रेरित कर सकता है।

# वास्तव में अध्यक्ष का विरोध है या विरोध की हो रही है साजिश!

**विरोध या साजिश!**

**ये भी कहा जाता है कि अगर अध्यक्ष जी आज दावेदारी से इनकार कर दें तो विरोध वाला ये युद्ध भी थम जाएगा**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में केवल विपक्ष ही विरोध नहीं करता है, राजनीति में पक्ष का भी विरोध होता है। राजनीति में केवल अपॉजिशन दूसरा दल ही नहीं होता है, राजनीति में कई बार अपने दल के लोग भी पूरा बल अपनों के विरोध में लगाते हैं। अपॉजिशन की पॉजिशन अपने ही क्रिएट कर देते हैं। राजनीति के ये अपने अंदाज हैं। राजनीति में कई बार अपने ही दल के किसी व्यक्ति की तरक्की उसी दल के अन्य चेहरों को कष्ट देती है।

तब वो स्पष्ट रूप से विरोध नहीं करते, लेकिन विरोध की साजिशें तैयार होने लगती हैं। इन दिनों एक राजनीतिक दल में ये चर्चा है कि वहां अध्यक्ष का विरोध हो रहा है। लेकिन अब राजनीति को समझने और पहचानने वाले लोग ये जानना चाहते हैं कि वास्तव में अध्यक्ष का विरोध भी हो रहा है या केवल विरोध के लिये विरोध की साजिश तैयार हो रही है।

इस दल के अक्सर ये चर्चा उठती है और टारगेट पर दल के अध्यक्ष आ जाते हैं। राजनीति में विरोध होता है लेकिन इतनी योजना बनाकर विरोध नहीं होता है।

कोई एक गुट केवल इसी बात का इनपुट प्राप्त करे कि उन्होने कहां क्या कमी की है, उस कमी को नोट करे और फिर उसी बिंदु पर चोट करे। एक दल में ये हो रहा है और एक गुट ऐसा है जो विपक्ष वाली फीलिंग के साथ प्रतयेक वस्तु को रख रहा है। सोशल मीडिया पर ये हमले अक्सर दिखाई देते हैं। कभी व्हॉट्सएप ग्रुप पर कुछ आता है, तो फेसबुक ग्रुप पर कुछ आता है।

कोई राजा की कहानी से टारगेट करता है तो कोई कड़वी बात लिखता है। वहीं इस पूरे गुटबाजी के भंवर से दूर एक लॉबी ऐसी भी है जो ये मानकर चल रही है कि सबकुछ सोची समझी योजना के तहत हो रहा है। वो ये तर्क दे रहे हैं कि जितने भी आयाम आए हैं उन सभी पर काम हो रहा है। ये लॉबी मानती है कि व्यवहार को लेकर कुछ बात हो सकती है, लेकिन काम ठीक है और व्यवहार में सुधार हो सकता है।

अब तो ये कहा जाने लगा है कि इतना विरोध है नहीं जितना विरोध दिखाने की साजिश हो रही है। जहां से विरोध होना चाहिए वहां से कोई गतिरोध नहीं है, कोई विरोध नहीं है, पूरी टीम काम कर रही है। इस पूरे गेम को ऑब्जर्व कर रहे दल के सीनियर नेता भी ये मानते हैं कि राजनीति में गुट होते हैं और कई बार किसी गुट के कार्यकर्ता अपने गुट के नेता को खुश करने के लिये राजनीतिक शिष्टाचार में डेंट कर देते हैं और वो फेसबुक पर अमर्यादित कमेंट कर देते हैं। ये लॉबी इस पूरी कहानी को चुनावी दावेदारी से जोड़कर चलती है। मानना है कि चुनाव चूंकी पास है इसलिये ये सब हो रहा है, वरना इतना विरोध नहीं है। कोई एक गुट है जो सोची समझी रणनीति के साथ विरोध का तानाबाना बुन रहा है। राजनीति में विरोध कोई नई बात नहीं है और ये भी कहा जाता है कि अगर अध्यक्ष जी आज दावेदारी से इनकार कर दें तो विरोध वाला ये युद्ध भी थम जाएगा।

19 May -26 page 4 18-05-2026 9:35 PM Page 1



## संपादकीय

# वैश्विक संकट गहराया

प्रधानमंत्री मोदी ने नीदरलैंड के एक मंच से आगाह किया है कि यह आपदाओं का दशक बन गया है। यदि पश्चिम एशिया युद्ध के हालात नहीं बदले, युद्ध नहीं थमा, तो दशकों की कई उपलब्धियों पर पानी फिर जाएगा। दुनिया की बड़ी आबादी फिर से गरीबी के दलदल में फंस जाएगी। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी कहा है कि ऊर्जा-संकट अभी इतना बढ़ेगा कि दुनिया में आर्थिक महामंदी का दौर शुरू हो सकता है। होर्मुज अभी खुलता नहीं लग रहा, बल्कि समंदर का तनाव और बढ़ेगा। जंग अभी जारी रहेगी, लिहाजा हमें इन स्थितियों के लिए तैयार रहना है और मुकाबला भी करना है। जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली सरीखे विकसित देशों की अपनी चिंताएं हैं, क्योंकि तेल-गैस की उनकी सप्लाई चेन भी बहुत प्रभावित हुई है। अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप न जाने किस ब्रह्मांड में रहते हैं? कैसे आत्म-मुग्ध, साम्राज्यवादी, आक्रांता किस्म के, कब्जेबाज राष्ट्रपति हैं, जिसे दुनिया की चिंता भी नहीं है और उसके प्रति सरोकार भी ह्यशून्यह्न हैं। ट्रंप चीन प्रवास से खाली हाथ, नाकाम, फ्लॉप, समझौते के बिना, ईरान युद्ध के किसी समाधान के बिना और ताइवान पर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की ह्ययुद्ध-सीह्न चेतावनी सुनकर लौटे हैं और ईरान पर नए आक्रमण की रणनीति में जुट गए हैं। उनके अपने देश अमरीका में मुद्रास्फीति बढ़ गई है। पेट्रोल-डीजल 44-48 फीसदी तक महंगे हो गए हैं, जबकि अमरीका खुद तेल-उत्पादक और निर्यातक देश है। विश्व में हाहाकार मची है। जापान जैसे देश को अपना तेल रिजर्व खोलना पड़ा है, ताकि देश में आपूर्ति बराबर बनी रहे। कच्चे तेल की कीमतें 108 डॉलर प्रति बैरल तक उछल चुकी हैं। कच्चा तेल औसतन 51 फीसदी महंगा हुआ है। यूरिया और अमोनिया 65 फीसदी और बुटान (हाईड्रोकॉर्बन गैस) 51 फीसदी से अधिक महंगे हुए हैं। यह कोई अस्थायी बाधा और सामान्य स्थिति नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी का आकलन है कि ईरान युद्ध के कारण दुनिया के 4.5 करोड़ लोग भुखमरी के शिकार हो सकते हैं। क्या ट्रंप को इन स्थितियों का एहसास तक नहीं है? क्या वह विश्व-विजयी आक्रांता साबित होना चाहते हैं? राष्ट्रपति ट्रंप के सौजन्य से ऐसी खबरें न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे मीडिया में छपी हैं कि ट्रंप ईरान के परमाणु कार्यक्रम और संवर्धित यूरेनियम (करीब 450 किग्रा.) पर कब्जा करने को सैन्य व्यूह-रचना करवा रहे हैं। यह कौन-सी कूटनीति है? अभी तक के युद्ध में तो अमरीका ईरान के परमाणु कार्यक्रम की परछाईं तक ढूंढ नहीं सका है और अब तो रूस, चीन उसे बराबर मदद दे रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप चीन गए थे, लेकिन चीन के प्रति इतना घोर अविश्वास और संदेह है कि चीन ने जो उपहार दिए थे, उन्हें हवाई अड्डे पर ही कूड़ेदान में डलवा कर नष्ट करा दिया गया। हैकिंग और जासूसी के उपकरणों का शकङ्ग! चीन ने सेमीकंडक्टर चिप, दुर्लभ खनिज, बोइंग विमान, बिजली के वाहन, आपसी व्यापार समझौते आदि पर कोई ठोस बात ही नहीं की, समझौता तो दूर की कौड़ी है। राष्ट्रपति ट्रंप तो अपने ही ब्रह्मांड में रहते हैं, बेशक गालबजाई करते रहें कि चीन दौरा बेहद सफल रहा।

# 3 रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी से ओएमसी को 52,700 करोड़ की राहत

## एक्साइज ड्यूटी घटाने पर सरकार को हो सकता है 1.9 लाख करोड़ का नुकसान



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की बढ़ती कीमतों के बीच तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान को कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिसर्च रिपोर्ट इकोरैप के अनुसार, भले ही इस बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई (सीपीआई) में फौरी तौर पर उछाल देखने को मिले, लेकिन देश की राजकोषीय स्थिति पर इसका कोई सीधा असर नहीं पड़ेगा।

एक्साइज ड्यूटी का गणित और राजकोषीय जोखिम एसबीआई की रिपोर्ट ने टैक्स संरचना में किसी भी संभावित बदलाव के राजकोषीय परिणामों का भी विश्लेषण किया है। वर्तमान में 15 प्रतिशत ओएमसी नुकसान की भरपाई 3 रुपये की खुदरा मूल्य वृद्धि से हो रही है, जबकि उत्पाद शुल्क को शून्य किए जाने की स्थिति में 53 प्रतिशत नुकसान को कवर किया जा सकता है।

हालांकि, यदि सरकार पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क को उनके मौजूदा स्तर (क्रमशः 11.9% और 7.8%) से घटाकर शून्य कर देती है, तो सरकारी राजस्व में भारी गिरावट आएगी। इससे सरकार को 1.9 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होगा, जो मुनाफे में तब्दील हो जाएगा। चालू वित्त वर्ष में उत्पाद शुल्क में कटौती (मार्च में की गई 10 रुपये की ड्यूटी कटौती से हुए शुद्ध नुकसान सहित) से सरकार का कुल नुकसान पहले ही 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है।

### तेल कंपनियों को मिली राहत


केंद्रीय मंत्री के हवाले से रिपोर्ट में बताया गया है कि खुदरा कीमतें लंबे समय से स्थिर रहने के कारण तेल विपणन कंपनियों (डट३२) को रोजाना लगभग 1,000 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जो सालाना स्तर पर करीब 3.6 लाख करोड़ रुपये बैठता है। पेट्रोल-डीजल की मौजूदा कीमतों में 3 रुपये की वृद्धि से इन कंपनियों को अंडर-रिकवरी में 52,700 करोड़ रुपये की अहम राहत मिलेगी। यह राशि वित्त वर्ष 2026-27 (ऋ27) में डट३२ के कुल अनुमानित नुकसान का 15 फीसदी हिस्सा है।

### महंगाई और खपत पर तात्कालिक प्रभाव

**महंगाई दर का संशोधित अनुमान:** ईंधन के दाम बढ़ने से मई-जून 2026 में सीपीआई (उढक) महंगाई दर पर 15-20 बेसिस पॉइंट्स (ु्र२) का तात्कालिक असर देखने को मिल सकता है। इसके चलते एसबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने महंगाई दर के पूर्वानुमान को संशोधित कर 4.7% कर दिया है।

खपत का ऐतिहासिक ट्रेंड: ऐतिहासिक आंकड़े दर्शाते हैं कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी के ठीक बाद खपत में मामूली गिरावट आती है, लेकिन सालाना खपत के स्तर में कोई कमी दर्ज नहीं होती है और मांग तेजी से अपनी पुरानी स्थिति में लौट आती है।

# 900 अंकों की गिरावट से उबरा बाजार हरे निशान पर बंद हुए सेंसेक्स-निफ्टी



**नई दिल्ली।** शुरूआती कारोबार में 900 अंकों की भारी गिरावट के बाद सेंसेक्स और निफ्टी ने शानदार वापसी करते हुए हरे निशान पर कारोबार खत्म किया। घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सोमवार को हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स मामूली रूप से 77.05 अंकों की वृद्धि दर्ज कर 75,315.04 पर बंद हुआ। निफ्टी में 6.45 अंकों की बढ़त के साथ 23,649.95 पर कारोबार समाप्त हुआ। सोमवार के कारोबारी सत्र के बाद एयरटेल में 2% की वृद्धि, टाटा स्टील में 3% की गिरावट दर्ज की गई। डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर 96.33 (अस्थायी) पर स्थिर हुआ।

इससे पहले शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स में 900 से अधिक अंकों की गिरावट देखने को मिली। एक समय पर सेंसेक्स 879.66 (1.16%) अंक गिरकर 74,358.33 के स्तर पर जबकि निफ्टी 255.80 (1.08%) अंकों की गिरावट के साथ 23,387.70 के स्तर पर कारोबार करता दिखा दिखा था।

# वैश्विक तनाव के बावजूद एक्जिम बैंक ने FY2027 में 10% ऋण वृद्धि का रखा लक्ष्य



**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात-आयात बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपनी ऋण पुस्तिका में 10 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है। बैंक की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हर्षा बंगारी ने साफ किया है कि भारतीय निर्यातकों को समर्थन देने वाला यह बैंक नए वित्त वर्ष में स्थिर-मुद्रा के आधार पर यह क्रेडिट ग्रोथ हासिल करना चाहता है।

**नए बाजारों की ओर रुख: लैटिन अमेरिका पर फोकस** भारतीय कंपनियों में वैश्विक आर्थिक झटकों को सहने की मजबूत क्षमता है। अमेरिकी टैरिफ के समय भी भारतीय कंपनियों ने अपने बाजारों में सफलतापूर्वक विविधता लाकर खुद को संभाला था। वर्तमान में भारतीय निर्यातकों का ध्यान लैटिन अमेरिकी बाजारों पर तेजी से बढ़ रहा है। इन उभरते अवसरों को भुनाने और निर्यातकों को सुगम सेवाएं देने के लिए एक्ज़िम बैंक ने हाल ही में ब्राजील के साओ पाउलो में अपना एक नया कार्यालय भी खोला है।

वित्त वर्ष 27 के लिए भारी उधारी योजना निर्यातकों की ऋण मांग को पूरा करने के लिए एक्ज़िम बैंक ने अपनी पूंजी जुटाने की रणनीति में बड़ा इजाफा किया है।

बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान बाजार से 99,500 करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बनाई है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के 86,000 करोड़ रुपये के उधारी लक्ष्य से काफी अधिक है। बंगारी के अनुसार, इस उधारी योजना के तहत विदेशी बाजारों से 3.5 अरब डॉलर जुटाना भी शामिल है, जिसके लिए बांड जारी करने की विस्तृत रूपरेखा तय की जानी अभी बाकी है। पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक संकटों के बावजूद, भारतीय एक्ज़िम बैंक की 'स्थिर-मुद्रा' आधारित 10% ऋण वृद्धि रणनीति एक मजबूत आउटलुक पेश करती है।

### मुद्रा में उतार-चढ़ाव और ऋण पुस्तिका का गणित

बैंक ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 12 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर्ज की थी। हालांकि, इस उच्च वृद्धि में विदेशी मुद्रा के उतार-चढ़ाव का बड़ा योगदान था, जिसका बैंक के आंकड़ों पर 5 प्रतिशत तक का सकारात्मक प्रभाव रहा। बंगारी के अनुसार, एक्ज़िम बैंक की कुल ऋण पुस्तिका का 58 प्रतिशत हिस्सा विदेशी मुद्रा में है, जबकि शेष ऋण रुपये में दिया गया है। भविष्य में निर्यातकों की निरंतर वित्तीय मांग को देखते हुए बैंक को उम्मीद है कि रुपये में दिए जाने वाले ऋण की हिस्सेदारी आगे और बढ़ेगी।

### पश्चिम एशिया विवाद का सीमित असर

एक्ज़िम बैंक द्वारा दिया जाने वाला अधिकांश ऋण मध्यम से लंबी अवधि के लिए होता है, जिस पर पश्चिम एशिया जैसे क्षेत्रों में जारी भू-राजनीतिक तनाव का फौरी तौर पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ता। पश्चिम एशिया क्षेत्र में बैंक का एक्सपोजर बहुत कम है और फिलहाल वहां से ऋण वापसी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखा गया है। हालांकि, यदि यह संकट लंबा खिंचता है, तो आपूर्ति शृंखला में बाधाओं के कारण निर्यातकों के मार्जिन पर दबाव आ सकता है। ऐसी स्थिति में निर्यातक राजस्व विस्तार के लिए घरेलू बाजार की ओर रुख कर सकते हैं और क्षेत्र में प्रोजेक्ट्स के रुकने से बैंक की इंक्रीमेंटल क्रेडिट ग्रोथ पर आंशिक असर पड़ सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंडे का पीला भाग उन खाने वाले पदार्थों में से एक है जो की विटामिन डी का प्राकृतिक स्रोत हैं।
- एक अंडे को प्रोड्यूस यानि उत्पन्न करने में मुर्गी को 24 से 26 घण्टों तक का समय लगता है, और जैसे-जैसे मुर्गी वयस्क होती जाती है, वह बड़े अंडे प्रोड्यूस करने लगती है।
- एक मुर्गी प्रतिदिन अंडे को लगभग 50 बार उलटती पुलटती है ताकि अंडे का अंदारूमी पीला भाग किनारों से चिपके न।
- वैसे आपने कई रंगों के अंडे देखे होंगे। नीले, हरे और भूरे रंग के अंडे सभी सफेद रंग के अंडे की तुलना में अधिक यूनिक और रोचक होते हैं, लेकिन सिर्फ सफेद रंग के अण्डों में बाकि रंगों की कमी है तो इसका मतलब यह नहीं की वे पोशाक तत्वों की कमी रखते हैं। अंडे के खोलों के रंगों में अंतर केवल आनुवंशिकी के कारण होता है।
- शुतुरमुर्ग के अंडे का ग्लोब, दुनिया का सबसे पुराना नक्शा हो सकता है, इस ऐग्ग ग्लोब पर साल 1504 की तारीख लिखी हुई है।
- साल 1912 में, तीन आदमी अंटार्कटिका से एम्परर पेंगुइन के अंडे को खोजने निकल पड़े। वहां इतनी ठण्ड थी की एक आदमी के दांत कटकताहट के साथ टूट कर बिखर गए थे।

# विदेशी शेयरों से कमाई पर टैक्स चुकाना है जरूरी वरना खानी पड़ सकती है जेल की हवा




**नई दिल्ली।** आजकल भारतीयों में अमेरिकी शेयर बाजार और विदेशी कंपनियों में पैसा लगाने का बहुत ज्यादा क्रेज देखने को मिल रहा है। लोग सोचते हैं कि सात समंदर पार की कंपनियों में पैसा लगाकर वे आसानी से अमीर बन जाएंगे। लेकिन हमेशा याद रखिए, आपकी इस विदेशी कमाई पर भारत के आयकर विभाग की नजर बहुत पैनी है। विदेशी बाजारों से मोटा पैसा कमाना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन इस कमाई पर सरकार को सही समय पर टैक्स देना बहुत जरूरी है।

इसका सीधा मतलब यह है कि अगर आप विदेशी कंपनियों के शेयर या ईटीएफ खरीदकर मुनाफा कमा रहे हैं, तो सिर्फ डॉलर बटोरना ही काफी नहीं है।

आपको अपनी इस विदेशी कमाई की पूरी जानकारी आयकर विभाग को देनी होगी और उस पर सही तरीके से टैक्स भी चुकाना होगा। आपकी एक छोटी-सी लापरवाही या जानकारी छिपाने की गलती आपको बहुत भारी मुसीबत में डाल सकती है। अगर आप अपनी विदेशी संपत्ति और उससे होने वाली कमाई की जानकारी आयकर विभाग को नहीं देते हैं।

### विदेशी शेयरों पर टैक्स का गणित कैसे काम करता है?

विदेशी शेयरों पर टैक्स इस बात पर पूरी तरह निर्भर करता है कि आपने उन शेयरों को खरीदकर कितने समय तक अपने पास रखा है। अगर आप किसी विदेशी कंपनी के शेयर को 24 महीने (दो साल) से ज्यादा समय तक अपने पास रखकर बेचते हैं, तो इसे लंबी अवधि का मुनाफा यानी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाता है। इस मुनाफे पर आपको 12.5 प्रतिशत की दर से टैक्स देना होगा और इसके साथ लागू सरचार्ज और उपकर भी चुकाना होगा।

वहीं दूसरी तरफ, अगर आप विदेशी शेयर खरीदने के 24 महीने के भीतर ही उसे बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं, तो यह कम अवधि का मुनाफा यानी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन कहलाता है। इस स्थिति में, शेयरों से होने वाली यह कमाई आपकी कुल सालाना आमदनी में सीधे तौर पर जोड़ दी जाएगी। इसके बाद आपकी कुल आमदनी जिस भी टैक्स स्लैब (कर की श्रेणी) में आएगी, उसी के हिसाब से आपको सरकार को टैक्स चुकाना होगा।

# भारती लाइफ इंश्योरेंस में 75% हिस्सेदारी खरीदेगा प्रूडेंशियल, चेसिस निर्यात में भारत की बड़ी छलांग



**नई दिल्ली।** प्रूडेंशियल ने भारती लाइफ वेंचर्स और 360 वन एसेट मैनेजमेंट से भारती लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में 75 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने पर सहमति जताई। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक प्रूडेंशियल भारत में बेहतर परिचालन के लिए नए सिरे से रणनीति बना रहा है।

इसी कड़ी में हिस्सेदारी खरीदने का निर्णय लिया गया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक प्रारंभिक नकद भुगतान 35 अरब रुपये होगा, साथ ही कुछ शर्तों पर अतिरिक्त 7 अरब रुपये देय हो सकते हैं। सौदे के बाद, प्रूडेंशियल के भारतीय परिचालन में भारती लाइफ इंश्योरेंस का बहुमत स्वामित्व होगा। इसके साथ ही, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल की दो सूचीबद्ध संस्थाओं में अल्पसंख्यक हिस्सेदारी भी रहेगी। नियामक मंजूरी के लिए प्रूडेंशियल को आईसीआईसीआई प्रू लाइफ में अपनी हिस्सेदारी 10 फीसदी से कम करनी होगी।

### इंजन लगे वाहनों के चेसिस के निर्यात में भारत की बड़ी छलांग, 29 अरब रुपये का निर्यात

मोटर वाहनों के लिए इंजन लगे चेसिस के निर्यात में भारत ने बड़ी छलांग लगाई है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 302.3 मिलियन डॉलर (28.98 अरब रुपये) के चेसिस का निर्यात किया है। इनमें सबसे अधिक 14.43 करोड़ डॉलर के चेसिस का निर्यात खाड़ी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को किया गया। भारत ने इंजन लगे वाहनों के चेसिस के निर्यात क्षेत्र में इंडोनेशिया और यूक्रेन जैसे बाजारों में पैठ बढ़ाई है, जबकि यूएई, फिलीपीन व नेपाल में भी निर्यात बढ़ा है। ऑटोमोटिव प्लेटफॉर्म और असेंबली कंपोनेंट्स की बढ़ती वैश्विक मांग भारत पूरा कर रहा है। देश की ऑटोमोबाइल चेसिस निर्माण क्षमता अब वैश्विक स्तर पर पहचान बना रही है। यूएई को 14.43 करोड़ डॉलर के निर्यात के बाद फिलीपीन को 4.55 करोड़ डॉलर और बांग्लादेश 3.79 करोड़ डॉलर का निर्यात किया गया। जबकि, अमेरिका को 2.86 करोड़ डॉलर, नेपाल को 2.31 करोड़ डॉलर का निर्यात किया गया।

## राशिफल

**मेष :** दौड़धूप अधिक रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**वृष :** मेहनत सफल रहेगी। कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। ऐश्वर्य के साधन मिलेंगे।

**मिथुन :** पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बना रहेगा। नौकरी में मनचाही पदोन्नति मिलने के योग बनेंगे।

**कर्क :** यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न उठाएं। प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह :** फालतू खर्च होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। दूसरों पर अतिविश्वास न करें। वस्तुएं संभालकर रखें।

**कन्या :** डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा।

**तुला :** घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे, प्रयास करें। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक :** राजकीय बाधा दूर होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। अपनी वस्तुएं संभालकर रखें।

**धनु :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से हानि होगी। आय कम होगी।

**मकर :** राजकीय बाधा दूर होगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। चिंता रहेगी। प्रमाद न करें।

**कुंभ :** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। शत्रु परास्त होंगे। बेरोजगारी दूर होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश लाभदायक रहेंगे।

**मीन :** यात्रा मनोरंजक रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

## चुटकुले

दोस्त – भाई तू इतना परेशान क्यों है?
दूसरा – यार मोबाइल गिर गया।
दोस्त – टूट गया क्या?
दूसरा – नहींङ्ग बच गया, अब पापा तोड़ेंगे!

---

टीचर – भारत की सबसे खतरनाक नदी कौन सी है?
पप्पू – भावना...
टीचर – कैसे?
पप्पू – इसमें सब बह जाते हैं!

---

पत्नी – मैं कैसी लग रही हूं?
पति – कसम से दिल खुश हो गया।
पत्नी – सच में?
पति – हां, दिल कर रहा है आज बाहर ही सो जाऊं!

---

मम्मी – उठ जा, देख सूरज कब का निकल आया!
बेटा – तो क्या हुआङ्ग वो सोता भी तो मुझसे पहले है!

---

एक आदमी बैंक गया।
बोला – मुझे लोन चाहिए।
बैंक वाले – कितना कमाते हो?
आदमी – अभी तो लोन लेने आया हूं, कमाने का बाद में सोचूंगा!

---

पत्नी – शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और घूमाने ले जाते थे। अब क्यों नहीं?
पति – कभी चुनाव खत्म होने के बाद भी प्रचार देखा है?

## 19 05 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन



नवाजुद्दीन सिद्दकी (अभिनेता)

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


लवीना नय्यर


सिमरन संधावा


राहुल चौधरी


अजय राजपूत


राजेश सिंह



तरुण शर्मा



सतेंद्र नागर



मोहम्मद उसमा


ललित कुमार प्रजापति


नासिर अल्वी


विनय अग्रवाल


रजत शर्मा


राम सिंह


मनोज चौधरी


रंजीत सिंह


अनिरूध

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 50 साल बाद इटैलियन ओपन का ताज इटली के नाम, यानिक सिनर ने रचा इतिहास

**इटली।** स्टार टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर ने इतिहास रचते हुए इटैलियन ओपन 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। रोम के प्रतिष्ठित फोरो इटालिको में खेले गए फाइनल मुकाबले में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी सिनर ने नॉर्वे के कैस्पर रुड को सीधे सेटों में 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर पिछले 50 वर्षों में इटैलियन ओपन जीतने वाले पहले इतालवी पुरुष खिलाड़ी बन गए। इससे पहले 1976 में एड्रियानो पनाटा ने यह खिताब जीता था।

### नोवाक जोकोविच के खास रिकॉर्ड की बराबरी

सिनर की यह जीत सिर्फ घरेलू खिताब तक सीमित नहीं रही। उन्होंने टेनिस इतिहास में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। अब वह नोवाक जोकोविच के बाद ऐसे दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने सभी नौ एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीत लिए हैं। जोकोविच ने यह उपलब्धि 2018 में हासिल की थी, जबकि 24 वर्षीय सिनर ने कम उम्र में ही इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

### दर्शकों ने बनाया फुटबॉल जैसा माहौल

फाइनल मुकाबले के दौरान रोम का सेंट्रल कोर्ट पूरी तरह सिनर के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में फैंस नारंगी कपड़ों में पहुंचे, जो सिनर का सिग्नेचर कलर माना जाता है। मैच के दौरान स्टेडियम में लगातार सिनर-सिनर के नारे गूंजते रहे। इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला भी मुकाबला देखने पहुंचे थे। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, '50 साल बाद यह ट्रॉफी फिर इटली आई है। यह मेरे और पूरे देश के लिए बेहद खास पल है।'



इटली के राष्ट्रपति सर्जियो मैटरेला भी मुकाबला देखने पहुंचे थे। खिताब जीतने के बाद सिनर ने कहा, '50 साल बाद यह ट्रॉफी फिर इटली आई है। यह मेरे और पूरे देश के लिए बेहद खास पल है।'

### कैस्पर रुड की चुनौती भी पड़ी फीकी

दो बार फ्रेंच ओपन फाइनल खेल चुके रुड ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की थी और शुरुआती बढ़त भी बनाई, लेकिन सिनर ने शानदार वापसी करते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में दमदार बैकहैंड विनर के जरिए सिनर ने निर्णायक बढ़त हासिल की। करियर में अब उनका रिकॉर्ड रुड के खिलाफ 5-0 हो गया है। मैच के बाद रुड ने कहा, 'जो आप इस साल कर रहे हैं, उसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। इतिहास रचने के लिए बधाई।'

### लगातार 29वीं जीत, फ्रेंच ओपन के लिए मजबूत दावेदारी

सिनर शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने लगातार 29वां मैच जीता और इस साल क्ले कोर्ट पर उनका रिकॉर्ड 17-0 हो गया है। उनकी आखिरी हार फरवरी में कतर ओपन के दौरान जैकुब मेन्सिक के खिलाफ हुई थी। अब सभी की नजरें अगले सप्ताह शुरू होने वाले फ्रेंच ओपन पर हैं, जहां सिनर खिताब के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। रोलां गैरो ही एकमात्र ग्रैंड स्लैम है जिसे वह अभी तक नहीं जीत पाए हैं।

### पुरुष युगल खिताब भी इटली के नाम

इटली के लिए यह दिन और भी खास बन गया जब सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावासोरी की जोड़ी ने पुरुष युगल खिताब भी जीत लिया। दोनों ने फाइनल में मार्सेल ग्रानोलर्स और होरासियो जेबालोस को 7-6 (8), 6-7 (3), 10-3 से हराया। 1960 के बाद यह पहला मौका है जब किसी इतालवी जोड़ी ने रोम में पुरुष युगल खिताब जीता है।

# फॉर्मूला वन बनने का था सपना, अब गोल्फ की दुनिया में छाए आरोन राय, जीती पीजीए चैंपियनशिप ट्रॉफी



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने पीजीए चैंपियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया। वह पिछली एक सदी से भी अधिक समय में इंग्लैंड में जन्मे पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यह प्रतियोगिता जीती है। राय पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर बनना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने गोल्फ को अपनाया। वह 31 वर्षीय खिलाड़ी एक समय तीन शॉट से पीछे चल रहा था लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। राय ने पार-5 वाले नौवें होल पर 40 फुट का ईगल पुट लगाया।

इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा खेल बरकरार रखा और पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ समापन किया। उन्होंने कुल नौ अंडर का स्कोर बनाकर खिताब जीता। राय से पहले पीजीए चैंपियन बनने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी विजय सिंह थे। फिजी के इस खिलाड़ी ने दो बार पीजीए चैंपियनशिप जीती थी। उन्होंने कहा, यह खिताब मेरी कल्पना से परे है। राय को इस जीत से पीजीए टूर पर पांच साल की छूट मिल गई है। अब वह मास्टर्स, यूएस ओपन और ब्रिटिश ओपन में खेल सकते हैं। वह अब जीवन भर पीजीए चैंपियनशिप में खेल सकते हैं।

राय ने कहा, गोल्फ एक अद्भुत खेल है। यह आपको बहुत कुछ सिखाता है। यह आपको बहुत विनम्रता, अनुशासन और अथक परिश्रम करना सिखाता है क्योंकि इस खेल में कुछ भी मुफ्त में नहीं मिलता है। राय की यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने जॉन रहम, रोरी मैकलॉय, जेंडर शॉफिल, कैमरन स्मिथ, जस्टिन रोज जैसे शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी में चैंपियनशिप जीती। रहम और एलेक्स स्माइली छह अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।

# विनेश फोगाट की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई को जारी किया नोटिस, छह जुलाई को होगी अगली सुनवाई



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट की याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को नोटिस जारी किया है। डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में विनेश को कारण बताओ नोटिस जारी किया था और जून 2026 तक घरेलू टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित किया था। विनेश ने इस नोटिस को चुनौती दी थी जिस पर हाई कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई।

### क्यों भेजा था कारण बताओ नोटिस

डब्ल्यूएफआई ने हाल ही में अनुशासनहीनता और डोपिंग विरोधी नियमों के उल्लंघन के आरोपों पर विनेश को नोटिस भेजा था।

इतना ही नहीं विनेश जून 2026 तक घरेलू टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए अयोग्य घोषित की गईं क्योंकि उन्होंने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के डोपिंग रोधी नियम के तहत संन्यास से वापसी के बाद जरूरी छह महीने का नोटिस पीरियड नहीं दिया है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया था कि यदि विनेश दोबारा कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं, तो उन्हें आईटीए या इंटरनेशनल फेडरेशन को कम से कम छह महीने पहले सूचना देनी होगी और इस दौरान एंटी-डोपिंग टेस्टिंग के लिए उपलब्ध रहना होगा।

15 पन्नों के नोटिस में, डब्ल्यूएफआई ने आरोप लगाया था कि विनेश के आचरण ने राष्ट्रीय स्तर पर शर्मिंदा किया है जिससे भारतीय कुश्ती की छवि को नुकसान पहुंचा है। डब्ल्यूएफआई ने विशेष रूप से उल्लेख किया था कि विनेश इस वर्ष 26 जून तक किसी भी घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र नहीं हैं, जिसमें गोंडा में 10 से 12 मई तक होने वाला राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग टूनार्मेंट भी शामिल था।

### दूसरे पक्ष को सुनकर ही फैसला देगी अदालत

न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने महासंघ को निर्देश दिया कि कारण बताओ नोटिस को छह जुलाई तक तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाए और उनके समक्ष फैसला रखें। अदालत ने अयोग्यता को लेकर विनेश की याचिका पर डब्ल्यूएफआई और केंद्र को नोटिस दिए हैं और कहा कि इस मामले में प्रतिस्पर्धी हितों के बीच संतुलन बनाये रखना जरूरी है। विनेश की ओर से सीनियर अधिवक्ता ने कहा कि उन्हें 30 और 31 मई को होने वाले एशियाई खेलों के ट्रायल में भाग लेने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मातृत्व अवकाश पर गई महिला एथलीटों की रैंकिंग और दर्जे को सुरक्षित रखा जाता है, वहीं डब्ल्यूएफआई की नवीनतम नीति ने उन्हें इससे बाहर रखा है।

### विनेश ने दी थी चुनौती

विनेश डब्ल्यूएफआई के इस फैसले से खुश नहीं थीं और उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने और आने वाले खेलों के लिए होने वाले ट्रायल में उनका नाम शामिल नहीं करने को चुनौती दी थी। विनेश की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने फौरी राहत देने से इनकार कर दिया और छह जुलाई को अगली सुनवाई करने का फैसला किया।

# सीएसके बनाम एसआरएच मैच से पहले धोनी के भविष्य पर सस्पेंस, आर अश्विन की पोस्ट ने खोला बड़ा राज

**मुंबई।** सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के महत्वपूर्ण आईपीएल 2026 मुकाबले से पहले एमएस धोनी के आईपीएल भविष्य को लेकर काफी चर्चा हो रही है। यह सीएसके का इस सीजन का आखिरी घरेलू मैच होगा और मैच से पहले धोनी के नेट पर अभ्यास करते हुए तस्वीरों ने कई प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया है। पिंडली में खिंचाव के कारण पूर्व भारतीय कप्तान इस साल फ्रेंचाइजी के लिए एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

इस धूम-धड़ाके के बीच, पूर्व भारतीय स्पिनर आर अश्विन का सोशल मीडिया पर लिखा रहस्यमय पोस्ट समर्थकों के बीच वायरल हो गया है। उन्होंने (पहले ट्विटर) पर लिखा कि आज तो नहीं! 2027 में? शायद। मुझे नहीं लगता कि बल्लेबाजी में कोई बदलाव होगा। अकेला हुसैन खेलेंगे? उरङश्रफ्ल्र। हालांकि अश्विन ने स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा कि पोस्ट का पहला



हिस्सा धोनी के बारे में था, लेकिन प्रशंसकों को यकीन हो गया कि यह सीएसके के दिग्गज खिलाड़ी के बारे में है और इसका मतलब है कि वह इस सीजन में संन्यास नहीं लेंगे।

इसी बीच, हरभजन सिंह ने आईपीएल 2026 सीजन के चेन्नई सुपर किंग्स के आखिरी घरेलू मैच से पहले एमएस धोनी से भावुक अपील की और उनसे खेलने का आग्रह करते हुए कहा कि एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपने करियर का आखिरी मैच खेलकर वह प्रशंसकों से किया अपना वादा पूरा करेंगे। हरभजन ने यह भी कहा कि अगर सीएसके के पूर्व कप्तान सोमवार को नहीं खेलते हैं तो इसका मतलब यह भी हो सकता है कि वह अपना वादा निभाने के लिए 2027 सीजन में वापसी करेंगे।

पिंडली की चोट के कारण धोनी इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं, लेकिन सोमवार को चेन्नई में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सीएसके के मैच को देखते हुए, उनके विदाई मैच को लेकर अटकलें एक बार फिर तेज हो गई हैं। मैच से पहले बोलते हुए, हरभजन ने चेन्नई के साथ धोनी के लंबे जुड़ाव पर प्रकाश डाला और स्वीकार किया कि पूर्व भारतीय कप्तान के भविष्य को लेकर अनिश्चितता को देखते हुए यह अवसर विशेष महत्व रखता है।

> **हरभजन ने यह भी कहा कि अगर सीएसके के पूर्व कप्तान सोमवार को नहीं खेलते हैं तो इसका मतलब यह भी हो सकता है कि वह अपना वादा निभाने के लिए 2027 सीजन में वापसी करेंगे।**

# बीसीसीआई आरटीआई के अंडर नहीं, भारतीय क्रिकेट बोर्ड एकदम फ्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना आयोग ने सोमवार को अपने एक फैसले में बताया है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आईटीआई कानून-2005 के तहत सार्वजनिक संस्था नहीं है। आयोग ने अपने फैसले में ये भी कहा है कि भारतीय बोर्ड सरकार द्वारा न चलाया जाता है, न नियंत्रित किया जाता है और न ही उसे सरकार से कोई आर्थिक मदद मिलती है।

सूचना आयोग पीआर रमेश ने अपने आदेश में कहा कि बीसीसीआई एक निजी संस्था है जो तमिलनाडु रजिस्ट्रेशन कानून के अंडर पंजीकृत है और वह आईटीआई कानून के तहत सेक्शन 2(एच) में परिभाषित सार्वजनिक संस्था की श्रेणी में नहीं आता है। इस आदेश ने 2018 से चल रही न्यायिक लड़ाई पर विराम लगा दिया है। पूर्व सूचना आयोग एम श्रीधर आचार्यालू ने पहले बीसीसीआई को आईटीआई कानून में शामिल किया था और उसे निर्देश दिए थे कि वह लोक सूचना अधिकारी नियुक्त करे।

बीसीसीआई ने इस फैसले को मद्रास हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसलों को ध्यान में रखते हुए मामले को वापस सीआईसी के पास भेजा था और नए सिरे से मामले को देख आदेश जारी करने को कहा था। मौजूदा सूजना अधिकारी रमेश ने कहा, बीसीसीआई आरटीआई कानून-2005 के सेक्शन 2(एच) के तहत परिभाषित 'सार्वजनिक संस्था' की श्रेणी में नहीं आता है और इसलिए मौजूदा मामले में वह आयोग्य साबित होता है।

नए आदेश में सीआईसी ने साफ कर दिया है कि बीसीसीआई आरटीआई कानून-2005 के तहत सेक्शन 2 (एच) में संवैधानिक जरूरत को पूरा नहीं करता है। आदेश में कहा गया है कि भारतीय बोर्ड न ही देश के संविधान के द्वारा या उसके अंडर में बनाया गया है। न ही ये संसद या राज्य विधायिका में पास किए गए किसी कानून के तहत बना है।

# सूर्यकुमार की कप्तानी खतरे में? पंत की भूमिका पर भी उठे सवाल

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई चयन समिति मंगलवार को गुवाहाटी में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टेस्ट और वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का चयन करेगी। हालांकि इस दौरे पर कोई टी20 मुकाबला नहीं खेला जाएगा, लेकिन रिपोर्ट्स के अनुसार चयनकर्ता भविष्य की टी20 योजनाओं और कप्तानी को लेकर अनौपचारिक चर्चा कर सकते हैं।

बताया जा रहा है कि सूर्यकुमार यादव की हालिया फॉर्म और मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2026 में खराब प्रदर्शन ने उनकी कप्तानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यही वजह है कि चयनकर्ता अब टी20 कप्तानी के अगले विकल्पों पर भी विचार कर सकते हैं।



### गंभीर की राय होगी सबसे अहम

रिपोर्ट के मुताबिक, टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर की राय इस पूरे मामले में निर्णायक साबित हो सकती है। टी20 विश्व कप जीत के बाद यह पहली चयन बैठक होगी, इसलिए टीम मैनेजमेंट भविष्य की रणनीति पर गंभीरता से विचार करेगा। चयनकर्ता आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए संभावित टी20 खिलाड़ियों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी बरकरार रहेगी या नहीं, इस पर सभी की नजरें टिकी रहेंगी।

### ऋषभ पंत की भूमिका पर भी सवाल

सिर्फ सूर्यकुमार ही नहीं, बल्कि ऋषभ पंत के भविष्य को लेकर भी चयन समिति में गंभीर चर्चा हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि टेस्ट क्रिकेट में उपकप्तानी की जिम्मेदारी पंत के खेल पर असर डाल रही है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट ऋषभ पंत जैसे मैच विनर बल्लेबाज को खोने का जोखिम नहीं उठा सकता। उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से कई टेस्ट मैच जिताए हैं। लेकिन जब भी उन्हें अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई, बल्लेबाजी के दौरान उनके फैसले बेहतर नहीं दिखे।' सूत्र ने आगे कहा, 'चयन समिति के दिमाग में यह बात जरूर होगी कि उन्हें खुलकर खेलने का मौका दिया जाए।'

### वनडे टीम में बढ़ सकती है मुश्किल

वनडे सेटअप में भी पंत की जगह पूरी तरह सुरक्षित नहीं मानी जा रही। केएल राहुल फिलहाल पहली पसंद विकेटकीपर माने जा रहे हैं, जबकि ध्रुव जुरेल, संजू सैमसन और ईशान किशन भी मजबूत दावेदार हैं। ऐसे में आने वाले महीनों में भारतीय टीम में कई बड़े फैसले देखने को मिल सकते हैं।

### बुमराह को मिल सकता है आराम

इस बीच, अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता बीसीसीआई की मेडिकल टीम की मंजूरी पर निर्भर करेगी। अगर मेडिकल बोर्ड बुमराह के वर्कलोड को सुरक्षित मानता है, तो वह हश्मतुल्लाह शाहिदी की टीम के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेल सकते हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'अगर मेडिकल टीम बुमराह के वर्कलोड को तय सीमा के भीतर मानती है, तो वह अफगानिस्तान के खिलाफ टेस्ट मैच खेल सकते हैं।' सूत्र ने आगे कहा, 'लेकिन उनके वनडे सीरीज खेलने की कोई संभावना नहीं है। अगर वर्कलोड को लेकर जरा सी भी चिंता हुई, तो उन्हें पूरी सीरीज के लिए आराम दिया जाएगा।'

# प्रज्ञानानंदा की बाजी ड्रॉ पर छूटी, विंसेंट कीमर ने बनाई बढ़त

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक टूनार्मेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला, जबकि जर्मनी के विंसेंट कीमर ने आसान जीत के बाद बढ़त हासिल कर ली।

फ्रांस के अलीरेजा फि रोजा पर एकमात्र जीत और तीन ड्रॉ के बाद प्रज्ञाननंदा के संभावित चार में से 2.5 अंक है जबकि कीमर ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर तीन अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली। अनीश गिरी ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ जबकि वेस्ली सो ने रोमानिया के डिएक बोगदान-डेनियल के खिलाफ ड्रॉ खेला। फि रोजा स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए चौथे दौर में नहीं खेले। प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा और केवल 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई।

# बुमराह का वर्कलोड, रोहित की फिटनेस...चयनकर्ताओं के सामने 5 बड़ी चुनौतियां

**मुंबई।** अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को जब राष्ट्रीय चयनकर्ता भारतीय टीम का चयन करेंगे, तब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन (खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए शारीरिक और मानसिक दबाव को नियंत्रित करने की प्रक्रिया) और रोहित शर्मा की मैच फिटनेस पर विशेष चर्चा होगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाना है, जबकि एक सप्ताह से भी कम समय के अंतराल पर 6 जून से मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) में अफगानिस्तान दौरे का एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा।

वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे। इस बात की संभावना कम है कि बुमराह को दोनों प्रारूपों के लिए चुना जाएगा, क्योंकि वनडे में उन्हें तुरंत खिलाने की कोई जल्दबाजी नहीं है। 50 ओवर का विश्व कप अभी काफी दूर है (अक्टूबर-नवंबर 2027)। वहीं, रोहित शर्मा की फिटनेस भी चिंता का विषय बनी हुई है।



आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह मुंबई इंडियंस के कई मुकाबलों से बाहर रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी उन्होंने केवल इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में बल्लेबाजी की थी।

ऐसे में चयनकर्ता उन्हें तभी टीम में शामिल करेंगे, जब वह पूरी तरह फिट होंगे।

दूसरी ओर, विराट कोहली ने आईपीएल में शानदार फॉर्म दिखाकर अपनी उपयोगिता फिर साबित की है। रोहित की तरह अब केवल एक प्रारूप खेलने वाले कोहली के अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खेलने की पूरी संभावना है। सबसे अधिक महत्व एकमात्र टेस्ट मुकाबले को दिया जा रहा है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम पारंपरिक प्रारूप में, खासकर घरेलू परिस्थितियों में, संघर्ष करती नजर आई है। बल्लेबाजों की स्पिन-अनुकूल पिचों पर कमजोरियां लगातार सामने आई हैं।

पिछले वर्ष नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में यह समस्या खुलकर उजागर हुई थी। चेतेश्वर पुजारा के बाद टेस्ट टीम में नंबर तीन बल्लेबाजी क्रम अब तक स्थिर नहीं हो पाया है। साई सुदर्शन को अवसर मिले, लेकिन वह अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। अब उम्मीद जताई जा रही है कि देवदत्त पडिक्कल को घरेलू सत्र की शुरूआत से लगातार मौके दिए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाले आकिब नबी भी चयनकताओं की चर्चा का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे सत्र में 60 विकेट हासिल किए थे।

आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को वनडे श्रृंखला में आजमाया जा सकता है। बुमराह अगर टीम का हिस्सा नहीं होते हैं, तो मोहम्मद सिराज आक्रमण की अगुवाई करते नजर आ सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के भी टीम में शामिल होने की संभावना है। हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या भी पीठ में ऐंठन की समस्या से जूझ रहे हैं। आईपीएल के दौरान उनकी फिटनेस लगातार चिंता का कारण बनी रही है। ऐसे में वनडे श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता पर अभी संशय बना हुआ है।

# वैभव सूर्यवंशी की सबसे बड़ी कमी उजागर, पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने कहा- 'टीम इंडिया के लिए अभी तैयार नहीं'

**नई दिल्ली।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने बल्ले से ऐसा तूफान मचाया है कि हर कोई उनका मुरीद हो गया है। उनकी बल्लेबाजी गेंदबाजों के लिए खौफ बन चुकी है। इसी कारण भारत के कई पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि 15 साल के इस युवा बल्लेबाज का जल्दी से टीम इंडिया में चयन किया जाना चाहिए। हालांकि, मोहम्मद कैफ इस बात से इत्तेफाक नहीं रखते हैं।

कैफ ने वैभव के खेल में कमी बताई है जो दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रविवार को देखने को मिली। कैफ ने कहा है कि वैभव को अपनी फील्डिंग पर काम करने की जरूरत है। दिल्ली के खिलाफ वैभव ने खराब फील्डिंग की थी।

### कैफ ने उठाए सवाल

कैफ ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आईपीएल में फील्डिंग का स्तर देख दुख होता है। आज यश राज ने केएल राहुल का कैच तब छोड़ा जब वह जीरो पर थे। वैभव सूर्यवंशी ने भी



मिसफील्ड की। युवा लड़के ने अभी तक इस सीजन में कैच नहीं लिया है। भारत के लिए खेलते हुए उन्हें फील्डिंग में और बेहतर होना होगा। ये कोचेस का काम है कि वह इस युवा को फील्डिंग सिखाएं। वहीं लड़कों को फील्डिंग का लुत्फ लेना चाहिए और इस पर गर्व करना चाहिए।

### बल्ले से मचाया धमाल

दिल्ली ने रविवार को खेले गए मैच में राजस्थान को अपने घर में हरा दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने आठ विकेट खोकर 193 रन बनाए। वैभव ने इस मैच में 21 गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 46 रनों की पारी खेली। ध्रुव जुरेल ने 40 गेंदों पर 53 रन बनाए जिसमें पांच चौके और दो छक्के मारे। कप्तान रियान पराग ने 26 गेंदों पर तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 51 रनों की पारी खेली।

दिल्ली ने ये टारगेट 19.2 ओवरों में पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया। केएल राहुल ने 42 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों की मदद से 56 रन बनाए। अभिषेक पोरेल ने 31 गेंदों पर सात चौके और एक छक्के की मदद से 51 रनों की पारी खेली। कप्तान अक्षर पटेल ने 18 गेंदों पर नाबाद 34 रन बनाए।

# गाजियाबाद आसपास




# लोहिया नगर में सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

## महापौर सुनीता दयाल व पार्षद कुलदीप त्यागी ने रखी आधारशिला

### वार्ड 69 के क्षेत्रवासियों को मिलेगी सुगम यातायात की सौगात, आधुनिक मूलभूत सुविधाओं का होगा विस्तार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड संख्या 69 के अंतर्गत आने वाले लोहिया नगर क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास किया गया। यह शिलान्यास मुख्य अतिथि गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल एवं क्षेत्रीय पार्षद कुलदीप त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस विकास कार्य के तहत क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण मार्गों का कायाकल्प किया जाएगा: नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन फाटक से लेकर हीरो एजेंसी (लोहिया नगर) तक। हिंदी भवन से लेकर अंबेडकर कॉलोनी (लोहिया नगर पुलिस चौकी) तक। इस अवसर पर क्षेत्र के विकास को लेकर स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जोनल रेलवे बोर्ड सदस्य प्रदीप त्यागी, महानगर संयोजक (विधि प्रकोष्ठ) विनोद त्यागी, संजय रैना, राजनगर मंडल मंत्री अंकित त्यागी, राकेश जैन, ठाकुर राजवीर सिंह, एमएल वर्मा, दिनेश गोयल, हरिओम त्यागी, सुनील कुमार गुप्ता, रमेश छिब्बर, राजेश बंसल, मनोज और हर्षित त्यागी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महिला शक्ति ने भी बढ़ाया उत्साह: विकास कार्य की शुरूआत के इस मौके पर क्षेत्र की महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं, जिनमें प्रीती त्यागी, सुशीला, सीमा शर्मा, पूनम त्यागी, मधु वर्मा, नीलम छाबरिया, सुनीता, रजनी शर्मा, मीना शर्मा, स्नेहा, सरिता, दीपिका, अंजलि और सपना सहित सैकड़ों की संख्या में सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### यातायात होगा सुगम, जलभराव और खराब रास्तों से मिलेगी मुक्ति

**करंट क्राइम।** शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान महापौर सुनीता दयाल ने स्थानीय निवासियों को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में आधुनिक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह निर्माण कार्य स्थानीय निवासियों को सुगम यातायात की सुविधा प्रदान करेगा। क्षेत्रीय पार्षद कुलदीप त्यागी ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन और आधुनिक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनकी मुख्य प्राथमिकता है।

नाईपुरा में बारात घर निर्माण कार्य का सभासद कृष्ण बंसल ने किया शुभारंभ

# कार्यक्रमों के लिए क्षेत्रवासियों को मिलेगी बड़ी सुविधा : विधायक नंदकिशोर गुर्जर

**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी विधानसभा क्षेत्र के नाईपुरा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित बारात घर निर्माण कार्य का शुभारंभ सभासद सुमेघा कृष्ण बंसल द्वारा विधिवत, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर की उपस्थिति में भूमिपूजन के साथ किया गया। क्षेत्रवासियों ने 62 लाख से अधिक की लगत से निर्मित होने वाले इस जनहितकारी कार्य के शुभारंभ पर हर्ष व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया।



इस अवसर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार निरंतर जनसुविधाओं को बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। नाईपुरा क्षेत्र में बनने वाला यह बारात घर सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इससे क्षेत्र के लोगों को विवाह, सामाजिक आयोजन एवं अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों हेतु बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि हमारा प्रयास है कि लोनी विधानसभा का प्रत्येक क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित हो। जनता की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। यह बारात घर क्षेत्रवासियों के सामाजिक जीवन को और अधिक सुगम बनाएगा। सभासद सुमेघाकृष्ण बंसल ने कहा कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से बारात घर की मांग कर रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर के मार्गदर्शन में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस दौरान जिला मंत्री कृष्ण बंसल, भाजपा नेता राजबीर प्रजापति, घासी राम, सुखबीर, हरि ओम, शिवकुमार, आजाद सैन, जगपाल, धन सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहें।




## भगवा गांव में ऐसी चली हवा क्यों पांव छू रहे थे दो केसरिया महा

सियासत में कई बार बिना रिजन भी पोलिटिक्ल आक्सीजन के लिए पांव छूने पड़ते हैं। बात सही है और ये माना भी जाता है कि ये रूटीन की सियासी लाईफ है। बात यहां तक तो ठीक है मगर ऐसी भी क्या डिवोशन कि सियासी लाईफ के लिए नेता की वाईफ के भी पांव छूने लगो। भगवागढ़ में दो भगवा केसरिया महा इस काम को कर रहे थे और नजर उन पर औरों की भी थी। ये किस्सा एक आवास पर बड़ा खास हुआ है। अब यहां पर किसी ने कह भी दिया कि अगर उन दोनों ने ही लीडर वाईफ के टच फीट कर लिये तो तुम्हारी हार्ट बीट क्यों बढ़ी जा रही है। उनकी सियासत की गाड़ी इसी अंदाज से तो आगे बढ़ी जा रही है। वो दिन भूल गये क्या जब लोग जनरली पांव छूते थे।

## अधिकारी ने कह दिया ना तुम्हें टिकट नहीं मिलेगा और ना तुम जीतोगे

दो क्रान्ति सीवर वाले महकमें में आमने सामने थे। एक सरकारी वाले और दूसरे सरकार के दल वाले। दोनों का अपना अपना बल है। एक की महिमा ऐसी कि विधायकों को मैनेज कर लें।जलवा ये कि बड़ी पॉवर ने लैटर लिखा कि जरा इनके काम का हमें भी बताओ और साहब का मैनेजमेंट ऐसा कि बड़ी पॉवर ने फिर पलट के कुछ नहीं पूछा। दूसरे पार्षद ऐसे कि पहली बार में ही क्रान्तिकारी का खिताब ले लिया है। जब पार्षद और अधिकारी आमने सामने हुए तो अधिकारी ने सियासत का पाठ पार्षद को पढ़ा दिया। कह दिया कि पहली बात तो ये कि तुम्हें अगली बार टिकट नहीं मिलेगा और दूसरी बात ये कि टिकट मिल गया तो तुम जीतोगे नहीं। अब पार्षद को ये बात सुनकर बड़ा अचम्भा हुआ। क्योंकि सब सोच रहे थे कि उन्हें टिकट नहीं मिलेगा तो वो टिकट भी ले आये थे। दल वालों की बात छोड़ों मौहल्ले वालों की बात छोड़ों, घरवाले भी ये मानकर चल रहे थे कि ये चुनाव जीतेंगे लेकिन वो चुनाव जीतकर भी आ गये थे। परन्तु जिन अधिकारी ने पार्षद के मुंह पर ये बात कही है वो किसी भी डैमेज को मैनेज करने के मामले में पीएचडी हैं। अब कुछ तो होने लगा ही होगा कि जो यह बात कही है मगर अधिकारी को नहीं पता कि पार्षद जी ने सारे मिथक तोड़कर मौहल्ले में ये जीत हासिल की है।

## किस पार्षद ने छू लिये खुशी के मारे निगम में उन दोनों के पांव

नामित वालों को जब से एक-एक करोड़ का पैकेज मिलने की घोषणा हुई तब से वो लगातार प्लान बना रहे हैं कि हैंडपम्प वहां लगवायेंगे, नाली वहां बनवायेंगे, सीवर का काम ऐसे करायेंगे, इंटरलॉकिंग टाईल लगवा देंगे। निर्वाचित वाले उनकी खुशी को देख रहे हैं और चुपचाप हंस रहे हैं। वो जानते हैं कि विकास का कोटा तो हम निर्वाचितों को पूरा नहीं मिला। अब हैप्पीनेस है तो उसे फील भी किया जायेगा। नामित वाले किसी के कहने से डिमोरलाईज तो होने से रहे। खुशी का आलम ये है कि जिन पर सरकार की कृपा हुई है उन्होंने निगम के अधिकारी के पांव छू लिये। बड़ी जिम्मेदारी वाली चेयर के पांव छू लिये।

# वार्ड 97 के चंद्रनगर क्लब में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ली बैठक, सुनीं जनसमस्याएं





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 97 चंद्रनगर क्लब में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वार्ड के तमाम संभ्रांत नागरिकों ने हिस्सा लिया और क्षेत्र की समस्याओं को मंत्री के समक्ष रखा। बैठक के दौरान स्थानीय पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों का विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही, पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने वार्ड वासियों की ओर से बिजली विभाग, प्रशासनिक कार्यों और पुलिस प्रशासन से जुड़ी शिकायतें व जनसमस्याएं मंत्री जी के सामने प्रमुखता से उठाईं।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मंच से ही संबंधित विभागों के आला अधिकारियों को फोन लगाया और समस्याओं के त्वरित निस्तारण के कड़े निर्देश दिए, जिसके बाद कई कार्यों पर तुरंत अमल भी शुरू हो गया। अपने संबोधन में मंत्रीजी ने साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की प्रस्तावित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जनता से विकास कार्यों में अपना सहयोग और विश्वास बनाए रखने की अपील की।

इस मौके पर वार्ड के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने क्षेत्र की बिजली, पुलिस और प्रशासनिक विभागों से जुड़ी जनता की समस्याओं से मंत्री जी को अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मौके पर ही अधिकारियों को जनहित के कार्यों में लापरवाही न बरतने की हिदायत दी। इस अवसर पर वार्ड अध्यक्ष लवली, सुमित सिंह, आदित्य वर्धन ढाका, संदीप सायल, रीता सिंह, अखिलेश कुलश्रेष्ठ, रेनू बाला, किरण शर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# लिफ्ट देकर राहगीरों से लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## 5 बदमाश गिरफ्तार, 20 मोबाइल फोन और दो कार बरामद



**नोएडा (करंट क्राइम)।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में लिफ्ट देने के बहाने राहगीरों और टैक्सी चालकों से लूटपाट करने वाले एक संगठित गिरोह का थाना सूरजपुर पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी और छिनैती के 20 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त दो कारें, नकदी और अवैध शस्त्र बरामद किए हैं।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सूचना के आधार पर थाना सूरजपुर पुलिस ने सेक्टर ईटा-1 के पास से अंकित सिंह, दीपान्शु, तरुण ठाकुर, नवाब भाटी उर्फ संदीप भाटी और मोहित राजपूत को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्तों का एक संगठित गिरोह है, जो नोएडा, ग्रेटर नोएडा और एनसीआर क्षेत्र में रात के समय किराये की गाड़ियों से घूमकर राहगीरों को लिफ्ट देने के बहाने अपने वाहन में बैठाते थे। इसके बाद उनके साथ मारपीट कर मोबाइल फोन, नकदी और अन्य कीमती सामान लूट लेते थे।

डीसीपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य टैक्सी चालकों को भी निशाना बनाते थे। आरोपी जानबूझकर अपनी गाड़ी को टैक्सी के सामने लहराकर चलाते थे और विरोध करने पर चालक के साथ मारपीट कर उससे मोबाइल फोन, नकदी और जरूरी सामान छीन लेते थे। वारदात के बाद आरोपी वाहन मालिकों को किराये की गाड़ियां वापस कर देते थे और लगातार वाहन बदलकर अपराध को अंजाम देते थे। पुलिस के मुताबिक 16 मई को सेक्टर ईटा-1 के पास टैक्सी चालक आबिद निवासी तिलपता के साथ भी इसी तरह की घटना को अंजाम दिया गया था। आरोपियों ने टैक्सी चालक के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन, पांच हजार रुपये और गाड़ी की चाबी लूट ली थी ताकि वह उनका पीछा न कर सके।

गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद 4000 रुपये, एक मोबाइल फोन और कार की चाबी उक्त घटना से संबंधित बताई गई है। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से बरामद 19 अन्य मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के हैं, जिन्हें राहगीरों से लूटे जाने की बात सामने आई है। डीसीपी ने बताया कि अभियुक्त मोहित के खिलाफ पांच तथा नवाब के खिलाफ एक मुकदमा पहले से दर्ज है। पुलिस आरोपियों के अन्य आपराधिक रिकॉर्ड की भी जांच कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

# वार्ड 98 में विकास को रफ्तार दे रहे पार्षद डॉ. अनिल तोमर

## सड़क-पार्क से लेकर सोलर लाइट तक पर फोकस





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98 में बुनियादी सुविधाओं और सौंदर्यीकरण को लेकर विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद डॉ. अनिल तोमर का कहना है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद से क्षेत्र की सूरत बदलने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। डॉ.अनिल तोमर ने बताया कि अहिंसा खंड-1 में नई सड़कों का निर्माण कार्य पूरा करा लिया गया है। इसके साथ ही सड़कों के दोनों ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने का काम जारी है, जिससे स्थानीय लोगों को आवाजाही में काफी सुविधा हो रही है। वार्ड के पार्कों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पार्कों में हरियाली बनाए रखने के लिए नए नलकूप लगवाए गए हैं, ताकि बच्चों और बुजुर्गों को एक बेहतर और स्वच्छ माहौल मिल सके।


वार्ड को पर्यावरण अनुकूल और रोशन बनाने के लिए सीएसआर फंड के सहयोग से 60 सोलर लाइटें लगाने का प्रयास चल रहा है। इससे बिजली की बचत होगी और स्ट्रीट लाइट की समस्या का भी स्थायी समाधान होगा। इसके अलावा, अंधेरे वाले मुख्य चौराहों और क्षेत्रों के लिए पांच हाई मास्ट लाइटें भी लगवाई गई हैं।

पार्षद डॉ अनिल तोमर ने कहा कि उनका एकमात्र उद्देश्य इस क्षेत्र को एक मॉडल वार्ड बनाना है। वहीं, स्थानीय निवासियों ने भी इन विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अब क्षेत्र की तस्वीर हकीकत में बदल रही है।

# जनप्रतिनिधि करें अपने वेतन का त्याग, तभी देश बनेगा महान : पंडित अशोक भारतीय

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित अशोक भारतीय ने देश के सभी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और संपन्न वर्ग से देशहित में एक अनुकरणीय उदाहरण पेश करने का आग्रह किया है। उन्होंने अपील की है कि देश को आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध व मजबूत बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधि आगे आएं और अपने वेतन व पेंशन का योगदान दें।

पंडित अशोक भारतीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से ईंधन बचाने और एक वर्ष तक सोना न खरीदने की अपील का पुरजोर समर्थन किया। व्यापारी नेता ने जनप्रतिनिधियों को समाज का आदर्श बताते हुए एक बड़ी मांग रखी। उन्होंने कहा कि : देश के 543 लोकसभा सदस्य और 245 राज्यसभा सदस्य, सभी राज्यों के कुल 4120 विधायक, देश भर के 250 से अधिक मेयर और जिला पंचायत अध्यक्ष। ये सभी जनप्रतिनिधि देश को आर्थिक संकट की संभावनाओं से दूर रखने के लिए अपने एक महीने का वेतन और पेंशन राष्ट्रहित में दान करें। उनके इस कदम से आम जनता और व्यापारी वर्ग को भी बढ़-चढ़कर सहयोग करने की प्रेरणा मिलेगी।



पंडित अशोक भारतीय ने सरकार से एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव की भी मांग की। उन्होंने कहा कि सांसदों और विधायकों को कई बार चुने जाने पर मिलने वाली बहुस्तरीय पेंशन व्यवस्था पर रोक लगनी चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने देश के सभी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों और 1 लाख रुपये से अधिक मासिक वेतन पाने वाले सरकारी व निजी क्षेत्र के कर्मचारियों से भी अपनी एक महीने की सैलरी देशहित में देने का अनुरोध किया है, ताकि भारत को एक परम समृद्ध राष्ट्र बनाया जा सके।




# कौन एसीपी चेक कर रहा रात को बैरिकेडिंग

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों रात के समय अलग-अलग स्थानों और थानाक्षेत्रों में बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग वाला अभियान चल रहा है। तो पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि जिस इलाके को बेहद खास माना जाता है। जो थाना सबसे ज्यादा टेंशन और अटेंशन वाला माना जाता है, वहां पर भी हालत ठीक नहीं हैं। अब पुलिस के ही सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों इलाके वाले एसीपी अपने सर्किल में दोनों थानाक्षेत्र में रात के समय निकले थे, कई स्थानों पर पुलिस बेहद चौकस मिली है, तो सुनने में आया है कि साहब के घर से पहले एक बैरिकेडिंग लगा हुआ था। वहां जो पुलिसकर्मी मौजूद थे, उनके पास ना तो डंडा था और ना ही वह अटेंशन वाले मूड में थे। बताया जा रहा है कि जैसे ही इलाके वाले साहब की गाड़ी रुकी तो पुलिसकर्मी थोड़े से हड़बड़ा गए, इसके बाद साहब गाड़ी से नीचे उतरे और पूरा हाल और हालात जाने। अब बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार कार्रवाई होने के बाद भी कई स्थानों पर घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। तो वहीं जिस तरीके से बीते दिनों स्नैचिंग और लूट वाली वारदात हुई हैं, उसके बाद एक के बाद एक कई टू- स्टार रडार पर आए हैं। अब बताया जा रहा है कि उन बीट अफसरों और क्षेत्र में



घूमने वाली लैपर्ड भी आजकल बढ़ती वारदातों से परेशान हो गई हैं। कुल मिलाकर जिस तरीके से बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नदिया पार और सिटी वाले जोन में एक के बाद एक घटना हुई हैं, उसके बाद कुछ अधिकारियों का ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ बताया जा रहा है। अब सुनने में आ रहा है कि सिटी वाले एक सर्किल के एसीपी जिस तरीके से रात को अलर्ट वाले मोड पर हैं, अगर अन्य एसीपी भी ऐसा ही कुछ करें तो मामला ठीक हो सकता है लेकिन सुनने में आ रहा है कि तीन एसीपी का तो हाल ही निराला है। कुल मिलाकर पुलिस सिसटम वाले सूत्र यह बता रहे हैं कि जो बड़ी वाली लिस्ट आनी है, अब वह बकरीद के बाद ही एक्टिव वाले मोड पर आएगी। फिलहाल अब तो होल्ड वाले मोड पर आ गई है। उसके बाद ही कुछ हाल और हालात बदल सकते हैं। वैसे बताया जा रहा है की नई वाली लौट आने के बाद दो पुराने वाले साइड लाइन तो एक का प्लेस रिप्लेस किया जाएगा।

# हरनंदी-हिंडन नदी तट पर नमामि गंगे द्वारा स्वच्छता अभियान एवं गंगा आरती आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नमामि गंगे गंगा विचार मंच, जल शक्ति मंत्रालय के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा रविवार को सायं 6 :00 बजे से 7 :00 बजे तक गजप्रस्थ स्थित हरनंदी-हिंडन नदी तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर जनजागरण किया गया तथा गंगा आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सह संयोजक रवि कटारिया ने मां गंगा की स्वच्छता से संबंधित सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने 'प्रत्येक रविवार हरनंदी के द्वार' नारे को कार्यरूप देते हुए प्रत्येक रविवार सायंकाल स्वच्छता अभियान एवं आरती आयोजन को जनभागीदारी का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। प्रदेश मीडिया संयोजक संदीप त्यागी रसम ने बताया कि प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से स्वच्छता अभियान एवं गंगा आरती आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक रविवार को शहर विधानसभा नमामि गंगे टीम तथा अगले रविवार को साहिबाबाद विधानसभा नमामि गंगे टीम छठ घाट पर सायंकाल स्वच्छता अभियान एवं आरती का आयोजन करेगी। इस अवसर पर शहर विधानसभा प्रभारी राकेश गुप्ता, सहसंयोजक मनोज कुमार, दीपक गोस्वामी, साहिबाबाद विधानसभा संयोजक हरिओम राजपूत, विनीता पाल तथा धीरज ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 'साइलेंट किलर' है उच्च रक्तचाप, नियमित जांच और सजगता ही बचाव : डॉ. आलोक रंजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विश्व उच्च रक्तचाप दिवस (वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे) के अवसर पर जिला एमएमजी अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने आमजन से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की भावुक अपील की है। इस वर्ष की थीम 'मिलकर उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करें : नियमित रक्तचाप जांच कराएं, साइलेंट किलर को हराएं' के तहत उन्होंने इस बीमारी से जुड़े खतरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) एक 'मौन घातक बीमारी' (साइलेंट किलर) है, जो बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे हृदय, मस्तिष्क, किडनी और आंखों को गंभीर नुकसान पहुंचाती है। वर्तमान समय में अत्यधिक तनाव, असंतुलित खानपान, भोजन में नमक की अधिकता, धूम्रपान, मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता इसके मुख्य कारण बनते जा रहे हैं।



उन्होंने कहा कि नियमित रक्तचाप जांच, संतुलित आहार, प्रतिदिन व्यायाम, योग, पर्याप्त नींद और नशे से दूरी बनाकर इस पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

डॉ. रंजन ने जोर देकर कहा कि उच्च रक्तचाप के खिलाफ यह लड़ाई केवल डॉक्टरों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर ही हम एक स्वस्थ समाज और स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकते हैं।

# पुराने गहनों की खरीद पर खत्म हो जीएसटी: सर्राफा व्यापारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहननगर स्थित राज्य कर विभाग के संस्थान में सोमवार को सर्राफा व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में व्यापारियों ने वैश्विक आर्थिक संकट के बीच सोने की खरीद सीमित करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देशहित की अपील का पुरजोर समर्थन किया। इसके साथ ही, सर्राफा एसोसिएशन गाजियाबाद के पदाधिकारियों ने मांग रखी कि व्यापार को मंदी से बचाने के लिए पुराने आभूषणों की खरीद और उनकी रिपेयरिंग पर से जीएसटी को पूरी तरह समाप्त किया जाना चाहिए। व्यापारियों ने कमोडिटी मार्केट पर प्रतिबंध लगाने और सोने का कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियों पर निगरानी बढ़ाने की भी मांग की।



इस दौरान गाजियाबाद के जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मांदड़ ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए व्यापारियों से संवाद किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि व्यापारी अपनी समस्याओं को ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन के सामने रखें, जिनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता राज्य कर गाजियाबाद जोन-प्रथम के अपर आयुक्त राम केश्वर ने की। इस मौके पर एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्या सहित कर विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम

**Neeraj Singh**
1h ·

मेरे मित्र व वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र शुक्ला जी की पूज्य माता जी स्वर्गीय श्रीमती कमला शुक्ला जी की तेरहवीं में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।
ॐ शांति।"



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यह भाजपा के नीरज सिंह है और उन्हें नीरज भैया की उपाधि इसलिए मिली है कि वह हमेशा अपनों के सुख और दुख में शामिल होना कभी नहीं भूलते। हमेशा वह अपनों को यह एहसास करते हैं कि वह उनके लिए खास है। यह एक भाव है जो प्यार का है जो परिवार का है। यूथ आइकॉन नीरज सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 43 साल बाद नॉर्वे पहुंचे पीएम मोदी

## ओस्लो में नॉर्वे के प्रधानमंत्री स्टोरे संग व्यापार, हरित तकनीक और नीली अर्थव्यवस्था पर चर्चा, नॉर्डिक-भारत शिखर सम्मेलन में भी लेंगे हिस्सा

**ओस्लो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे में अपने समकक्ष जोनस गाहर स्टोरे के साथ बैठक की, जिसमें व्यापार, निवेश, हरित तकनीक और नीली अर्थव्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। यह उनकी नॉर्वे की पहली यात्रा है और 43 साल बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस देश की यात्रा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अपने नॉर्वे के समकक्ष जोनस गाहर स्टोरे के साथ बैठक की। यह बैठक व्यापार और निवेश, हरित तकनीक, नीली अर्थव्यवस्था और अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित रही।



प्रधानमंत्री मोदी स्वीडन की दो दिवसीय यात्रा के बाद ओस्लो पहुंचे। नॉर्वे के प्रधानमंत्री स्टोरे और स्कैंडिनेवियाई देश के अन्य शीर्ष नेताओं ने हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया था। यह पीएम मोदी की नॉर्वे की पहली यात्रा है और 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस देश की पहली यात्रा भी है। नॉर्डिक-भारत शिखर सम्मेलन में कौन-कौन शामिल होंगे? मोदी और स्टोरे 19 मई को ओस्लो में होने वाले तीसरे नॉर्डिक-भारत शिखर सम्मेलन में भी संयुक्त रूप से भाग लेंगे। इस सम्मेलन में भारत और डेनमार्क, फिनलैंड, आइसलैंड, स्वीडन और नॉर्वे जैसे नॉर्डिक देशों के नेता शामिल होंगे। यह सम्मेलन पहले 2018 में स्टॉकहोम और 2022 में कोपेनहेगन में हुए सम्मेलनों की आगे की कड़ी है। इससे भारत-नॉर्डिक संबंधों को और रणनीतिक दिशा मिलने की उम्मीद है।

### पीएम मोदी को मिला नॉर्वे का सर्वोच्च सम्मान

नॉर्वे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट' से सम्मानित किया है। यह पीएम मोदी का यह 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है।

### नॉर्वे के राजा और रानी से मुलाकात करेंगे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री मोदी नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम और रानी सोन्जा से भी मुलाकात करेंगे। इसके साथ ही वह नॉर्वे के प्रधानमंत्री के साथ भारत-नॉर्वे व्यापार और शोध शिखर सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे।

### विदेश मंत्रालय ने पीएम की नॉर्वे यात्रा पर क्या कहा?

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने प्रधानमंत्री की यात्रा से पहले जारी बयान में कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा करने और उन्हें और मजबूत करने के अवसर प्रदान करेगी, खासकर व्यापार, निवेश, स्वच्छ ऊर्जा और नीली अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में। बयान में कहा गया कि भारत-यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते का लाभ उठाते हुए सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा। ईएफटीएमें आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्ज़रलैंड शामिल हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में भारत की भूमिका अहम: नॉर्वे के पीएम स्टोरे

नॉर्वे के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी की यात्रा से पहले कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे अधिक आबादी वाला देश है और जलवायु, तकनीक, व्यापार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में उसकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा, यह यात्रा मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के समय भारत, नॉर्वे और नॉर्डिक देशों के बीच सहयोग के महत्व को दर्शाती है। हम अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नियम आधारित विश्व व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए साथ खड़े हैं।

# अमेरिका से सम्मानजनक बातचीत को तैयार ईरान अधिकारों पर समझौता नहीं: पेजेशकियन

## ईरानी राष्ट्रपति बोले- वार्ता से इनकार तर्कसंगत नहीं, लेकिन राष्ट्रीय हित सर्वोपरि

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि अमेरिका से बातचीत से इनकार करना तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने साफ किया कि ईरान सम्मान के साथ वार्ता करेगा, लेकिन अपने राष्ट्रीय हितों और अधिकारों से कोई समझौता नहीं करेगा। इससे हले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को जल्द फैसला लेने की धमकी दी थी। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने सोमवार को अमेरिका के साथ बातचीत आगे बढ़ाने के तेहरान के फैसले का बचाव किया। उन्होंने कहा कि सम्मान के साथ वार्ता जरूरी है। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान अपने अधिकारों की रक्षा करना जारी रखेगा।

ईरानी स्टुडेंट्स न्यूज एजेंसी (आईएसएनए) के मुताबिक, पेजेशकियन ने ये बातें सरकारी विभागों के जनसंपर्क कार्यक्रम 'ईरानियन नैरेटर्स' (ईरानी कहानी बताने वाले) के दौरान कहीं।



### ईरानी राष्ट्रपति ने क्या कहा?

यह तर्कसंगत नहीं है कि हम कहें कि हम बातचीत नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, वे नारे लगाते हैं कि हमें बातचीत नहीं करनी चाहिए। अगर हम बात नहीं करेंगे तो क्या करेंगे? क्या अंत तक लड़ेंगे? यह तर्कसंगत नहीं है कि हम बातचीत नहीं करेंगे। हम सम्मान के साथ बात करते हैं।

### 'हमें तर्क के साथ बात करनी चाहिए'

पेजेशकियन ने आगे कहा कि ईरान कूटनीतिक वार्ता जारी रखते हुए भी अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा, हम जनता के समर्थन से देश के अधिकारों की रक्षा करने में सक्षम हैं। हमें तर्क के साथ बात करनी चाहिए और तर्कपूर्ण जवाब मिलने चाहिए।

**ट्रंप ने दी जल्द फैसला लेने की चेतावनी**

ईरानी राष्ट्रपति ने क्षेत्र में तनाव के बीच राष्ट्रीय एकता की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, हमें कोशिश करनी चाहिए कि देश की एकता और आपसी जुड़ाव न टूटे। अगर वे चिल्ला रहे हैं- बात मत करो, तो अगर हम बात नहीं करेंगे तो क्या करेंगे? क्या आखिर तक लड़ेंगे? हम सम्मान के साथ बातचीत करेंगे।

ट्रंप ने ईरान क्या नई धमकी दी?

लगातार कूटनीतिक गतिरोध के बीच जुबानी जंग और तेज हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को नई चेतावनी जारी की, क्योंकि यूरेनियम भंडार, प्रतिबंधों में राहत और पश्चिम एशिया में महीनों से जारी संघर्ष के बाद मुआवजे को लेकर बातचीत रुकी हुई है।

ट्रंप ने रविवार को ट्रुथ सोशल पर लिखा, ईरान के लिए समय निकलता जा रहा है और उन्हें जल्दी कदम उठाने चाहिए। नहीं तो उनका कुछ भी नहीं बचेगा। समय बहुत अहम है।

### विरोधियों पर लगाया देश को अस्थिर करने का आरोप

पेजेशकियन ने ईरान के 'विरोधियों' पर देश को अस्थिर करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने हाल के क्षेत्रीय संघर्षों पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रियाओं की आलोचना की। उन्होंने कहा, वे तीन दिनों में इस्लामी गणराज्य की व्यवस्था को गिराना चाहते थे। लेकिन आज उन्होंने फूट डालकर आगे बढ़ने की साजिश रची। गाजा संघर्ष का जिक्र करते हुए पेजेशकियन ने कहा, हमने देखा कि उन्होंने गाजा और फलस्तीन में किस तरह के अपराध किए और अमेरिकी मीडिया लगातार यह कहते हुए सही ठहराता है कि वे अपनी रक्षा कर रहे हैं।

अपनी सरकार के कूटनीतिक रुख को दोहराते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए बातचीत जारी रखेगा। पेजेशकियन ने कहा, हम विदेशियों का सम्मान करते हैं। हम बातचीत करेंगे और हम देश के अधिकारों की रक्षा करेंगे।

# एडीसीपी ट्रैफिक ने बूथों की सुरक्षा पर दिए गए सख्त निर्देश



## रात को जाना कई इलाकों का हाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) वरुण कुमार सिंह द्वारा विभिन्न यातायात ड्यूटी प्वाइंटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा स्थापित ट्रैफिक बूथों पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी की गहनता से जांच की गई।

एडीसीपी ट्रैफिक ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की सुरक्षा भी पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

निरीक्षण के दौरान ट्रैफिक बूथों की सुरक्षा व्यवस्था, पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, उपकरणों की स्थिति तथा यातायात संचालन की व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि ट्रैफिक बूथों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखी जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यातायात पुलिसकर्मियों को जनता के साथ सौम्य व्यवहार रखते हुए नियमों का कड़ाई से पालन कराने के लिए भी प्रेरित किया गया।

निरीक्षण अभियान के माध्यम से यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं अनुशासित बनाने का संदेश दिया गया, ताकि शहर में जाम की समस्या कम हो और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन मिल सके।

**पाकिस्तान ने सऊदी में तैनात की जेट स्क्वाड्रन**

# समझौते के तहत हजारों सैनिक भी भेजे ईरान युद्ध के बीच बड़ा कदम



**पाकिस्तान।** ईरान युद्ध में शांति दूत बने पाकिस्तान ने सऊदी अरब की सुरक्षा के लिए गुपचुप तरीके से अपनी लड़ाकू जेट स्क्वाड्रन, मिसाइल डिफेंस सिस्टम और 8,000 सैनिक तैनात कर दिए हैं। मध्यस्थता और सैन्य सहयोग के इस दोहरे खेल ने पश्चिम एशिया की भू-राजनीति में एक नया और बेहद संवेदनशील मोड़ ला दिया है। पाकिस्तान ने एक आपसी रक्षा समझौते के तहत सऊदी अरब में अपने 8,000 सैनिक, लड़ाकू विमानों का एक स्क्वाड्रन और एक मिसाइल हवाई रक्षा प्रणाली तैनात की है। यह कदम बेहद चौंकाने वाला है। पाकिस्तान खुद इस समय ईरान युद्ध में मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है।

### दोनों देशों के बीच हुआ था रक्षा समझौता

दोनों देशों के बीच पिछले साल एक गोपनीय रक्षा समझौता हुआ था। इसकी शर्तें पूरी तरह से गुप्त रखी गई हैं। इस समझौते के तहत दोनों देश एक-दूसरे की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पहले ही संकेत दे चुके हैं कि सऊदी अरब अब पाकिस्तान की परमाणु छतरी के नीचे सुरक्षित है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान ने अप्रैल की शुरूआत में 16 जेएफ-17 लड़ाकू विमानों का पूरा स्क्वाड्रन सऊदी अरब भेजा है। इसके अलावा ड्रोन के दो स्क्वाड्रन भी भेजे गए हैं। हजारों सैनिकों और चीनी मिसाइल डिफेंस सिस्टम की तैनाती सऊदी अरब भेजे गए सैन्य साजो-सामान में चीन निर्मित एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम भी शामिल है। इसका पूरा खर्च सऊदी अरब उठा रहा है। हालांकि, इसे संचालित करने की जिम्मेदारी पाकिस्तानी सैनिकों की ही होगी। तैनात किए गए 8,000 सैनिक मुख्य रूप से सलाहकार और प्रशिक्षण की भूमिका निभाएंगे।

# 23 वर्षीय तुषार कुमार ने रचा इतिहास

## ब्रिटेन में सबसे युवा भारतीय मूल के मेयर बने

### बोरेहामवुड की कमान मिली



**लंदन।** 23 वर्षीय तुषार कुमार ब्रिटेन के एल्सट्री और बोरेहामवुड के मेयर बने हैं। वह ब्रिटेन के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले सबसे युवा भारतीय मूल के व्यक्ति हैं। तुषार ने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए युवाओं को जनसेवा से जोड़ने का संकल्प लिया है। भारतीय मूल के 23 वर्षीय तुषार कुमार ने ब्रिटेन में इतिहास रच दिया है। उन्हें आधिकारिक तौर पर एल्सट्री और बोरेहामवुड का मेयर नियुक्त किया गया है। वह ब्रिटेन के इतिहास में इस पद पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय मूल के व्यक्ति बन गए हैं।

13 मई को बोरेहामवुड के फेयरवे हॉल में आयोजित एक समारोह में उनकी नियुक्ति की पुष्टि हुई। तुषार कुमार ने लंदन के किंग्स कॉलेज से राजनीति विज्ञान की पढ़ाई की है। मेयर की जिम्मेदारी संभालने से पहले वह डिप्टी मेयर के रूप में काम कर रहे थे। वह लंबे समय से बोरेहामवुड में स्थानीय नागरिक और सामुदायिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं।

इस बड़ी उपलब्धि पर तुषार कुमार ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे एक बड़ा सम्मान बताया। तुषार ने कहा कि किंग्स कॉलेज में राजनीति विज्ञान पढ़ने से लेकर अपने पसंदीदा शहर का मेयर बनने तक का यह सफर उनके लिए किसी सपने जैसा है। उन्होंने अपने राजनीतिक सफर में मिले समर्थन के लिए सभी का आभार जताया।

इसी दौरान तुषार ने निवर्तमान मेयर डैन ओजारो को उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि डिप्टी मेयर रहते हुए उन्हें डैन से बहुत कुछ सीखने को मिला। डैन ने पिछले एक साल में शहर की सेवा में जो योगदान दिया, तुषार ने उसकी भी सराहना की। आगामी नागरिक वर्ष के लिए लिंडा स्मिथ को नया डिप्टी मेयर नियुक्त किया गया है।

मेयर के रूप में तुषार कुमार का मुख्य लक्ष्य समुदाय के बीच अपनी मौजूदगी बढ़ाना है। वह स्थानीय चैरिटी संस्थाओं और संगठनों की मदद करना चाहते हैं। इसके साथ ही वह चाहते हैं कि अधिक से अधिक युवा सार्वजनिक सेवा और सामुदायिक जीवन में हिस्सा लें। तुषार ने संकल्प लिया कि वह समाज के बीच रहकर लोगों की समस्याओं को सुलझाने और युवाओं को प्रेरित करने का काम करेंगे।

# बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना का बड़ा ऑपरेशन, 35 आतंकवादी ढेर

**कराची।** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में एक बड़े खुफिया अभियान को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में 35 आतंकवादियों को मार गिराया गया है और तीन हाई-प्रोफाइल वरिष्ठ कमांडरों को भी गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान मंगला जरघून क्षेत्र में चलाया गया।



बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने रविवार रात क्वेटा में मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन 13 मई को शुरू हुआ था। पिछले चार दिनों में 35 आतंकवादी मारे गए हैं। रिंद ने कहा, यह अभियान प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूचिस्तान में उसके प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ था। पकड़े गए तीनों कमांडर महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। यह कार्रवाई पहले पकड़े गए आतंकवादियों से मिली खुफिया जानकारी पर आधारित थी। सुरक्षा बलों ने मंगला जरघून घर क्षेत्र में कई आतंकवादी बेस कैंप भी नष्ट कर दिए हैं। अतिरिक्त अभियान जारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रांत में अतिरिक्त अभियान भी चल रहे हैं। ये अभियान विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य इन आतंकवादी तत्वों के सूत्रधारों को पकड़ना है। साथ ही, उनके संचालकों और वित्तीय समर्थकों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

पिछले सप्ताह भी हुई थी मुठभेड़

पाकिस्तान सेना ने इस नवीनतम आतंकवाद विरोधी अभियान पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

# अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि का बड़ा दावा

## 'ईरान को मदद नहीं देगा चीन, उन्होंने भरोसा दिया है'



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने कहा है कि चीन ने ईरान की मदद नहीं करने का वादा किया है। ग्रीर ने ये भी कहा कि अमेरिका ने चीन से होर्मुज खोलने के लिए सैन्य मदद नहीं मांगी है और सिर्फ यही मांग की है कि चीन, ईरान को मदद न दे। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन से यह आश्वासन लिया है कि वे ईरान की मदद नहीं करेंगे। एबीसी न्यूज को दिए इंटरव्यू में ग्रीर ने कहा कि अमेरिका ने चीन से होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए सीधे हस्तक्षेप की मांग नहीं की थी।

उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति का मुख्य फोकस इस बात पर था कि चीन ईरान को किसी तरह की मदद न दे। इस पर चीन की प्रतिबद्धता हमें मिली है और उन्होंने इसकी पुष्टि भी की है।' बोर्ड ऑफ ट्रेड बनाने पर हो रहा विचार ग्रीर ने बताया कि अमेरिका, चीन के साथ व्यापारिक नियम तय करने के लिए 'बोर्ड ऑफ ट्रेड' बनाने पर भी विचार कर रहा है।

### 'चीन भी होर्मुज जलडमरूमध्य खोलना चाहता है'

ग्रीर ने कहा कि चीन की भी होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने में स्पष्ट रुचि है, लेकिन वे सीधे तौर पर इसमें शामिल नहीं होना चाहता। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रपति चीन की सैन्य मदद नहीं चाहते। अमेरिका बस ये सुनिश्चित करना चाहता है कि चीन, अमेरिका द्वारा उठाए जा रहे कदमों में बाधा न बने।

### ट्रंप और जिनपिंग के बीच टैरिफ को लेकर नहीं हुई कोई बातचीत

पिछले साल अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध जारी रहा, लेकिन ट्रंप ने अमेरिका लौटते समय पत्रकारों से कहा कि उनकी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बातचीत में टैरिफ का मुद्दा नहीं उठा। इस पर ग्रीर ने कहा कि व्यापार वार्ता जरूर हुई, लेकिन शीर्ष नेताओं के स्तर पर नहीं हुई। ग्रीर ने कहा 'अमेरिका की तरफ से मैंने और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और हमारी टीम ने चीनी अधिकारियों से टैरिफ के कई मुद्दों पर बातचीत की। इसलिए राष्ट्राध्यक्षों के बीच इसे लेकर कोई चर्चा नहीं हुई।'

# चीन में आया 5.2 तीव्रता का भूकंप

## कई इमारतें तबाह हुईं दो की मौत, कई लापता

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी इलाके में भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 रही। भूकंप के चलते कई इमारतें गिर गई हैं और दो लोगों की मौत हुई है। कई लोग लापता हैं।

चीन के दक्षिणी इलाके में सोमवार सुबह भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 रही। भूकंप के चलते कई इमारतों को भारी नुकसान हुआ है। अब तक भूकंप के चलते दो लोगों की मौत हुई है और एक लापता है। कई इमारतों को खाली कराया गया है। भूकंप के चलते कई इमारतें गिर गई हैं। राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है और तबाह इमारतों में लोगों की तलाश की जा रही है।

कई इमारतें तबाह, हजारों लोगों को सुरक्षित निकाला गया



भूकंप के झटके चीन के लिउझोउ शहर में के नजदीक महसूस हुए, जिससे लोगों में डर फैल गया। प्रशासन ने सात हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है और आपात सेवा के कर्मचारी लगातार राहत और बचाव अभियान चलाए हुए हैं। कई लोगों को तबाह इमारतों में फंसे होने की आशंका है।

चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी के अनुसार, भूकंप के झटकों से कम से कम 13 इमारतें तबाह हुई हैं। जिसमें कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी के भी गंभीर घायल होने की खबर नहीं है। घायलों में से चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भूकंप से हुई तबाही के चलते दो लोगों की मौत हुई है। भूकंप के झटकों को देखते हुए इलाके में सार्वजनिक यातायात प्रभावित हुआ है। खासकर रेल यातायात को जांच के बाद ही बहाल किया जाएगा।

### भूकंप से गंभीर नुकसान की खबर नहीं

भूकंप से ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है और पावर लाइंस, पानी की सप्लाई, गैस सेवाएं और रोड ट्रैफिक सामान्य रूप से चल रहे हैं। स्थानीय प्रशासन ने लोगों को प्रभावित इमारतों से दूर रहने की सलाह दी है।

# अब इंटरनेट केबलों को हथियार बना रहा ईरान, होर्मुज स्ट्रेट से वैश्विक डिजिटल नेटवर्क पर दबाव की तैयारी

## होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली इंटरनेट केबलों पर शुल्क लगाने की तैयारी में ईरान, गूगल-माइक्रोसॉफ्ट जैसी टेक कंपनियों की बढ़ी चिंता

**विशेषज्ञों ने चेताया- इंटरनेट केबल प्रभावित हुई तो बैंकिंग, शेयर बाजार, क्लाउड सर्विस और सैन्य संचार पर पड़ सकता है असर**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान अब अपनी रणनीति को सैन्य ताकत से आगे बढ़ाकर डिजिटल और आर्थिक दबाव की दिशा में ले जा रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य में अपनी भौगोलिक पकड़ मजबूत मानते हुए ईरान ने अब समुद्र के नीचे बिछी इंटरनेट और डेटा केबलों से राजस्व कमाने की योजना बनाई है। इस कदम ने वैश्विक टेक कंपनियों और कई देशों की चिंता बढ़ा दी है। ईरानी सरकार और उससे जुड़े मीडिया संस्थानों ने संकेत दिए हैं कि गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और अमेजन जैसी बड़ी टेक कंपनियों को होर्मुज स्ट्रेट के नीचे गुजरने वाली इंटरनेट केबलों के इस्तेमाल के लिए शुल्क देना पड़ सकता है। ईरान के सैन्य प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाघरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि इंटरनेट केबलों पर शुल्क लगाया जाएगा।

### डिजिटल युद्ध की तरफ बढ़ रहा है ईरान?

सीएनएन की एक रिपोर्ट के के अनुसार, ईरान अब अपनी भौगोलिक स्थिति को रणनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल करना चाहता है। ब्लूमबर्ग इकोनॉमिक्स की पश्चिम एशिया विशेषज्ञ दीना एसफंदियारी के मुताबिक ईरान दुनिया को यह संदेश देना चाहता है कि अगर उस पर हमला हुआ तो वैश्विक अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर इंटरनेट केबलों को नुकसान पहुंचता है तो इसका असर सिर्फ इंटरनेट स्पीड तक सीमित नहीं रहेगा। इससे अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग, सैन्य संचार, शेयर बाजार और क्लाउड सर्विस तक प्रभावित हो सकती हैं। भारत समेत एशिया के कई देशों पर इसका सीधा असर पड़ सकता है।



**अंतरराष्ट्रीय कानून का हवाला दे रहा ईरान :** ईरानी मीडिया का दावा है कि यह योजना अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून वठउछडर के तहत बनाई जा रही है। इस कानून के अनुसार कोई भी तटीय देश अपनी समुद्री सीमा में आने वाली केबलों पर कुछ शर्तें लागू कर सकता है। ईरान मिस्र और स्वेज नहर का उदाहरण देकर यह साबित करने की कोशिश कर रहा है कि रणनीतिक जलमार्ग से आर्थिक लाभ कमाना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि होर्मुज जलडमरूमध्य और स्वेज नहर की कानूनी स्थिति अलग-अलग है। फिलहाल दुनिया की नजर ईरान की अगली रणनीति पर टिकी है, क्योंकि डिजिटल युग में इंटरनेट केबल किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण बन चुकी हैं।

**पहले भी हो चुके हैं ऐसे हमले:** समुद्र के नीचे बिछी संचार केबलों को निशाना बनाने की घटनाएं नई नहीं हैं। प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने जर्मनी की टेलीग्राफ केबल काट दी थी। हाल ही में 2024 में यमन के हूती विद्रोहियों से जुड़े हमले में लाल सागर में तीन इंटरनेट केबल क्षतिग्रस्त हो गई थीं, जिससे क्षेत्रीय इंटरनेट ट्रैफिक का करीब 25 प्रतिशत प्रभावित हुआ था। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक नेटवर्क में वैकल्पिक रूट मौजूद होते हैं, लेकिन बड़े स्तर पर नुकसान होने पर असर वैश्विक हो सकता है।

### भारत और खाड़ी देशों पर पड़ सकता है बड़ा असर

रिपोर्ट के मुताबिक होर्मुज स्ट्रेट एशियाई डेटा हब और यूरोपीय नेटवर्क के बीच एक अहम डिजिटल कॉरिडोर है। अगर यहां किसी तरह की रुकावट आती है तो भारत की आउटसोर्सिंग इंडस्ट्री और ऑनलाइन कारोबार को अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है। खाड़ी देशों में तेल और गैस निर्यात से जुड़े डिजिटल सिस्टम भी प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा यूरोप और एशिया के बीच वित्तीय लेनदेन और शेयर ट्रेडिंग की रफ्तार धीमी पड़ सकती है।

### वैश्विक इंटरनेट नेटवर्क की रीढ़ हैं ये केबल

विशेषज्ञों के अनुसार समुद्र के नीचे बिछी सबसी केबलें दुनिया के इंटरनेट और डेटा ट्रैफिक का सबसे बड़ा आधार हैं। यूरोप, एशिया और खाड़ी देशों के बीच बैंकिंग सिस्टम, क्लाउड सर्विस, ऑनलाइन गेमिंग, वीडियो स्ट्रीमिंग और अकडेटा ट्रांसफर का बड़ा हिस्सा इन्हीं केबलों से गुजरता है। ईरान से जुड़े मीडिया संस्थानों ने दावा किया कि भविष्य में केबल कंपनियों को लाइसेंस फीस देनी होगी और मरम्मत का अधिकार केवल ईरानी कंपनियों को मिलेगा। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि ईरान इन नियमों को अंतरराष्ट्रीय कंपनियों पर कैसे लागू करेगा, क्योंकि अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण कई विदेशी कंपनियां सीधे ईरान को भुगतान नहीं कर सकतीं।




# डीएम ने अग्निशमन के जांबाजों को किया सम्मानित

## बढ़ती आग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए 23 अग्निशमन कर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भीषण गर्मी और बढ़ते विद्युत भार के चलते जिले में लगातार अग्निकांड की घटनाएं सामने आ रही हैं।

ऐसे चुनौतीपूर्ण हालात में गाजियाबाद अग्निशमन विभाग पूरी मुस्तैदी, तत्परता और साहस के साथ आग की घटनाओं पर नियंत्रण पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विभाग न केवल अग्निकांडों को नियंत्रित करने में लगातार सक्रिय है, बल्कि आमजन को जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चला रहा है, जिसकी जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों द्वारा लगातार सराहना की जा रही है। शहर में बढ़ती आग की घटनाओं और हादसों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में अग्निशमन विभाग द्वारा निभाई जा रही सराहनीय भूमिका को देखते हुए सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी गाजियाबाद ने अग्निशमन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### इनको किया गया सम्मानित




**करंट क्राइम :** सम्मानित होने वालों में मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, अग्निशमन अधिकारी कोतवाली शेषनाथ यादव, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी वैशाली मूलवंद सिंह सहित कुल 23 अग्निशमन कर्मी शामिल रहे। इन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाल के दिनों में विभिन्न अग्निकांडों पर समय रहते नियंत्रण पाने, लोगों की जान-माल की रक्षा करने तथा जोखिम भरे हालात में साहस और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि अग्निशमन विभाग के जवान अत्यंत कठिन परिस्थितियों में अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। गर्मी के मौसम में आग की घटनाएं तेजी से बढ़ती हैं, ऐसे समय में विभाग की तत्परता और समर्पण प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने भी आम नागरिकों से अपील की कि गर्मी के मौसम में बिजली के उपकरणों का सावधानीपूर्वक उपयोग करें, शॉर्ट सर्किट से बचाव के उपाय अपनाएं तथा किसी भी आग की घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# तेज हुआ नाला सफाई अभियान

## निगम की मशीनों से हो रही बड़े स्तर पर सफाई

### नालों से निकली सिल्ट उठाने में न हो देरी : नगर आयुक्त





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम द्वारा शहरभर में मानसून से पहले नालों की सफाई का विशेष अभियान तेज कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में पांचों जोनों में बड़े और छोटे नालों की मशीनों से सफाई कराई जा रही है, ताकि जलभराव की समस्या से नागरिकों को राहत मिल सके। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर निगम अपने संसाधनों का उपयोग करते हुए बड़े पैमाने पर सफाई कार्य करा रहा है। बड़े नालों की सफाई के लिए बड़ी पोकलेन और जेसीबी मशीनें लगाई गई हैं, जबकि छोटे नालों के लिए छोटी मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। अधिकारियों को मौके पर रहकर लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सभी जोन में एक साथ शुरू हुआ अभियान

**करंट क्राइम :** नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि मोहन नगर जोन में शालीमार गार्डन, गणेशपुरी, कुटी रोड, जवाहर पार्क, अर्थला और पसौंडा क्षेत्रों में नालों की सफाई जारी है। वहीं सिटी जोन में केला भट्ठा, नंदग्राम मेन रोड, पंचवटी और राकेश मार्ग के नालों की सफाई कराई जा रही है। कवि नगर जोन में रईसपुर, राजनगर, रजापुर और संजयनगर क्षेत्र में अभियान चल रहा है। विजयनगर जोन में क्रॉसिंग रिपब्लिक, डूंडाहेड़ा, गौशाला फाटक, सर्वोदय नगर और प्रताप विहार सम्राट चौक में नालों के साथ पुलियाओं की भी सफाई की जा रही है। इसी प्रकार वसुंधरा और इंदिरापुरम जोन में सेक्टर-1 कनवानी पुलिया, सेक्टर-2 वसुंधरा, वैशाली सेक्टर-4, कौशांबी, अभयखंड और अहिंसाखंड क्षेत्रों में अभियान के रूप में नाला सफाई कार्य जारी है।

### नाले के आसपास ना छोड़े सिल्ट



**करंट क्राइम :** नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नालों से निकलने वाली सिल्ट उसी दिन उठाई जाए, ताकि सड़क पर गंदगी और यातायात प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि जल निकासी सुचारु बनी रहे, इसके लिए पुलियाओं की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सिल्ट उठाने में किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बिल्कुल न हो।

# गढ़ी चौखंडी में चालू विद्युत लाइन का पोल गिरा

## बड़ा हादसा टला, विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गांव गढ़ी चौखंडी में उस समय बड़ा हादसा टल गया जब चालू विद्युत लाइन का एक बिजली पोल अचानक भरभराकर गिर पड़ा। गनीमत रही कि घटना के समय मौके पर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, अन्यथा गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में लंबे समय से जर्जर बिजली पोलों और विद्युत अव्यवस्थाओं की शिकायत की जा रही थी, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। पोल गिरने की घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। इस मामले पर भारतीय



किसान यूनियन (क्रांति) के प्रदेश अध्यक्ष परविंदर सिंह यादव ने कड़ी नाराजगी जताई है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीणों और संगठन द्वारा लगातार बिजली संबंधी समस्याओं को विभाग और प्रशासन के सामने उठाया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जर्जर पोलों और गलत तरीके से लगाए गए ट्रांसफार्मरों की समय रहते जांच और मरम्मत अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा भविष्य में बड़ी जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता।

संगठन ने मांग की है कि गढ़ी चौखंडी सहित आसपास के क्षेत्रों में सभी पुराने और कमजोर बिजली पोलों का तत्काल सर्वे कर उन्हें बदला जाए तथा विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

# उधार के पैसों को लेकर दोस्त पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**नोएडा (करंट क्राइम)।** थाना सेक्टर-63 क्षेत्र स्थित चोटपुर कॉलोनी में उधार के पैसे को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने अपने ही दोस्त पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घायल युवक का दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मैनपुरी के कछुपुरा समशेर गांव निवासी दीपक नोएडा के चोटपुर कॉलोनी में रहता है। बताया गया है कि दीपक ने अपने दोस्तों अमन और पीयूष से कुछ रकम उधार ली थी, जिसे लेकर



उनके बीच विवाद चल रहा था। रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे दीपक चोटपुर स्थित ज्ञान दीप स्कूल के पास खड़ा था। इसी दौरान अमन और पीयूष वहां पहुंचे और दीपक से कहासुनी करने लगे। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ने मिलकर दीपक पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दीपक के पेट में कई वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। आसपास लोगों को आता देख दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्वजन घायल को नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल में उसका उपचार जारी है।

थाना प्रभारी अमित काकरान ने बताया कि घायल की मां रमन देवी की लिखित तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।




## तेरहवीं/शोक सभा

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी

**श्रीमती ओमवती देवी**

(पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री)

पत्नी श्री आर.के. सिंह IAS (सेवानिवृत्त प्रमुख सचिव)

का स्वर्गवास शुक्रवार, 8 मई 2026 को हो गया है। ईश्वर उनकी आत्मा को परम शान्ति प्रदान करें। उनकी आत्मिक शान्ति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं आरिष्टी निम्न कार्यक्रमानुसार होगी।

**बुधवार, 20 मई 2026**

शोक सभा - प्रातः 10:30 बजे से

ब्रह्मभोज - प्रातः 11:30 बजे से

रस्म पगड़ी - दोपहर 02:30 बजे

स्थान : **आर.के. फार्म** रशीदपुर गढ़ी, नगीना रोड, बिजनौर

**-: शोकाकुल परिवार :-**

डॉ० राजीव कुमार सिंह (पुत्र), एस.पी. विजिलेंस, मेरठ

हैनरीता राजीव सिंह (पुत्र वधु), अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी, बिजनौर

सभी बेटियाँ, राजसूय कुमार सिंह (पौत्र)

एवं समस्त शोकाकुल परिवार तथा सम्बन्धीगण

मो०- 9412714166, 9560444522, 8010293016


# हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रदेश का उद्योग क्षेत्र स्थापित करेगा नए आयाम : राजू पांचाल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार में श्री हंसराज विश्वकर्मा को लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग राज्य मंत्री बनाए जाने पर पश्चिम उत्तर प्रदेश लघु उद्योग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक राजू पांचाल ने खुशी व्यक्त की है। राजू पांचाल ने कहा कि श्री हंसराज विश्वकर्मा लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर कार्य कर रहे हैं। वाराणसी में करीब दस वर्षों तक जिलाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान की। एमएलसी और विधायक के रूप में भी उनका अनुभव प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

उन्होंने कहा कि अब लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग राज्य मंत्री का दायित्व मिलने के बाद प्रदेश के उद्योगों को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। इंजीनियरिंग सोच और कार्यशैली उनके व्यक्तित्व में साफ



दिखाई देती है। भगवान विश्वकर्मा के वंशज होने के नाते सृजन और विकास की भावना उनके नेतृत्व में और अधिक मजबूत होगी।

राजू पांचाल ने विश्वास जताया कि श्री हंसराज विश्वकर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए बाबा भोलेनाथ से उनके सफल एवं उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

# दहेज प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने की आत्महत्या, पति और ससुर गिरफ्तार

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र स्थित जलपुरा गांव में दहेज उत्पीड़न से परेशान एक विवाहिता ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले में मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर फॉर्च्यूनर कार की मांग को लेकर प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतका के पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मृतका दीपिका, पुत्री संजय निवासी ग्राम कुड़ी खेड़ा थाना बादलपुर, की शादी करीब डेढ़ वर्ष पहले जलपुरा निवासी ऋतिक पुत्र मनोज के साथ हुई थी।



पुलिस के अनुसार, 17 मई की रात दीपिका ने दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर छत से नीचे छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता संजय की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति ऋतिक और ससुर मनोज को गिरफ्तार कर लिया है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वो जो इस बात पर हैं हैरान, प्रभारी वाले सिस्टम में क्यों ले लिये योद्धा ने बाहर से नाम? हम बताना चाहते हैं, ऐसे नाराज चेहरों को ये बात? पार्टी ने ही भेजा था संदेश, जब आप करें प्रभारियों की घोषणा, उसमें पुराने चेहरों को भी रखें साथ? बस उन्होंने तो इसी फॉर्मेट पर किया है काम, जाहिर सी बात है जब नहीं आता लिस्ट में नाम, तब होने वाले हो ही जाते हैं परेशान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों नामितों की आवाज भी हो गई ऊंची? जबसे डेढ़ करोड़ रुपए विकास की उनको लेकर हुई है घोषणा? तबसे ये सब विकास को लेकर ले रहे हैं पहले से भी ज्यादा रुचि? हमने देखा, मैडम नामित डॉक्टर साहब के पास लेने पहुंच गई सफाई कर्मचारियों की सूची? कहा- उनसे हमें भी है जानने का ये अधिकार? हमारे मोहल्ले में इतना क्लीनिंग स्टाफ कर रहा है कार्य जोरदार? सुना है साहब भी थे इस बात पर हैरान? वो अंजान थे कि वार्ड में इस सूची को लेकर मचा हुआ है पूरा घमासान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के भगवा कसाना जी का अब स्लो गया है फसाना? सुना है, उन्होंने पहले महानगर कार्यालय पर जाना कम किया, अब मंडल में भी मुश्किल है उनके दीदार कर पाना? नहीं जल रहे हैं पार्टी के किसी भी कुल में उनकी सक्रियता के दीप? लगता है, कुछ तो ऐसा हुआ है उनके साथ जो नहीं लग रहा है उनको ठीक?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मेंबर उपाध्याय भी कभी-कभी कर देते हैं साफ और सीधी बात? हमने जब भगवा मेंबर्स का ग्रुप देखा तब सामने आई हमोर कुछ ऐसी ही बात? उन्होंने कहा ये जो मिले हैं ना एक-एक करोड़ के काम, इसको लेकर ज्यादा मत दो खुशी वाला पैगाम? पिछली बार भी ये एक करोड़ हो गए थे हाफ? मिले थे बाद में सिर्फ 50 लाख? इसलिये जब तक ना मिले पूरी रकम, तब तक ना दें कोई तर्क? बस इस बार मामला पूरा मिल जाए, हम सबको रहना होगा सतर्क?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा योद्धा ने सौंपी है सक्सेना जी को सोशल मीडिया के कोर्डिनेटर की जिम्मेदारी? कहने वाले ने कहा- टीम में घोषणा 24 चेहरों की हुई है, ये टीम लग रही है हमको भारी? मगर, हमने देखा सक्सेना जी ने यहां पर क्षेत्रवाद का चखा है स्वाद? 12 चेहरे उन्होंने महानगर से लिये हैं, बाकी 12 चेहरे इंदिरापुरम से ले लिये हैं, ये वही एरिया है जहां पर रहते हैं सक्सेना भाईसाहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा चुटिया वाले त्यागी जी ने सुना डाली जब राजा और उनके तीन चेलों की कहानी? सुना है, ये कहानी आ गई सबकी जुबानी? कहने वाले ने कहा- हमें पता है, चुटिया जी ने कहां चला है ये तीर? हमें पता है, वो किसको दे रहे हैं घाव गंभीर? वैसे उनके दिल में है चुनाव लड़ने के अरमान? अब वो संगठन को ही निशाने पर लेंगे, तो कैसे चलेगा काम? हो सकता है, कहानी बताने का कुछ और ही हो बहाना? योद्धा तो ठीक है मगर, वो तीनों कह रहे हैं कि हम पर क्यों मारा इस भाई ने ताना? लाजमी है इस पोस्ट पर अब हमारा नाराज हो जाना?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने बाकी भगवा पदाधिकारी ये बात कब कहेंगे, मगर एक महान मंत्री ने कर दिया है स्पष्ट, विधायक जी मेरा नेता थे, हैं और आगे भी रहेंगे? मेरे विधायक जी से दिल से जुड़े हैं जज्बात? मैं जो भी कुछ हूं उन्हीं की कृपा है, ये बात जानने वाले जान जाएं साहब? कहने वाले ने कहा- महान मंत्री के इस लव ने हमको कर दिया हैरान? अब ये महान मंत्री कौन हैं इनको आप खोजो, अब शुरू होता है यहां से आपका काम?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है भगवा मेंबर चौधरी पहले से ज्यादा हो गई हैं शीतल? नहीं तो इतने विवाद में तो उनके कुछ अलग ही तेवर के होते दीदार? कहने वाले ने कहा- राजनीति में यही संयम करता है मजबूत आधार? देखना अब ये है, वो कब तक इन मुद्दों पर रहती हैं सोशली खामोश? नहीं तो बात पहले वाली होती तो शांत हो चुका होता अच्छे-अच्छों का जोश?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि सिर्फ खोड़ा में ही नहीं, क्रॉसिंग और प्रताप विहार वाले एरिये में भी उन्होंने की है सोच-समझकर प्रभारियों की तैनाती? कहने वाले ने कहा पूरे क्रॉसिंग में पूरे गौरव से ले सकता है कोई चेहरा वीरू से टक्कर? वहीं प्रताप वाले एरिये में मिस्टर चौहान का मुकाबला मिस्टर हेम नहीं कर पाएंगे डटकर? हुई है यहां पूरी कांटे से कांटा निकालने की तैयारी? अगर वो तूफान हैं तो ये भी बवंडर ला सकते हैं भारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये बात हम आपको कैसे बताएं, हम बैठे थे इंदिरा वाले एरिये की जनरल बॉडी की मीटिंग में, वहां की पब्लिक पार्षद जी की कर रही थी हाय-हाय? हम देख रहे थे क्षेत्र के लोग दिख रहे थे उनसे बहुत ज्यादा नाराज, अगर यही स्थितियां रहीं तो ना जाने ये मेंबर आने वाले समय में कैसे लड़ पाएंगे चुनाव?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।